दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 310 | सीकर, मंगलवार 06 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# उफ्फ्फ...ये सर्दी...

## जयपुर समेत 17 जिलों में सर्दी से स्कूलों में छुट्टी

### कोटा में आंगनबाड़ी केंद्र 14 जनवरी तक बंद; माउंटआबू में पारा शून्य



जयपुर।

राजस्थान में कोहरे और शीत लहर के चलते 17 जिलों के स्कूलों में छुट्टी रहेगी। हिल स्टेशन माउंट आबू (सिरोही) में लगातार तीसरे दिन तापमान शून्य पर दर्ज हुआ। राजस्थान के 7 शहरों में रात का तापमान 5 डिग्री से नीचे आ गया है।

दिन में भी गलन वाली ठंड पड़ रही है। जयपुर में सर्दी के चलते 5वीं तक के बच्चों की 10 जनवरी तक और कक्षा 6 से 8वीं तक कक्षा की 8 जनवरी तक छुट्टी घोषित की गई है। हनुमानगढ़ में कड़ाके की ठंड के चलते सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में पहली से 8वीं क्लास के बच्चों की छुट्टियां 10 जनवरी तक बढ़ा दी है। सीकर में 8वीं क्लास तक के बच्चों की 10 जनवरी तक छुट्टी रहेगी। श्रीगंगानगर में भी नर्सरी से 5वीं क्लास तक की छुट्टियां 12 जनवरी तक बढ़ा दी है। जबकि कक्षा 6 से 12वीं क्लास तक का समय सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक कर दिया है। बूंदी-बारां, दौसा में भी 8वीं क्लास तक के बच्चों की 6 और 7 जनवरी को छुट्टी रहेगी। प्रतापगढ़ में 8वीं क्लास तक के स्कूलों में 6 से 8 जनवरी तक छुट्टी कर दी गई है। झालावाड़ में 10 जनवरी तक स्कूल बंद रहेंगे। अजमेर में 5 वीं क्लास तक के स्कूलों में 7 जनवरी तक छुट्टी रहेगी, छठी से ऊपर की क्लास का टाइम बदला गया। डूंगरपुर में 5वीं क्लास तक के स्कूल 8 जनवरी तक बंद रहेंगे। कोटा में आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 साल तक के बच्चों की 14 जनवरी तक छुट्टी कर दी। भीलवाड़ा जिले में क्लास 1 से 8 तक के स्टूडेंट्स के लिए 6 से 8 जनवरी तक छुट्टी रहेगी।

#### सड़क किनारे खड़े जुगाड़ से टकराई बस

दौसा जिले के मंडावरी थाना क्षेत्र में घने कोहरे के कारण प्राइवेट बस सड़क किनारे खड़े लकड़ी से भरे जुगाड़ से टकरा गई। हादसा कल्याणपुरा के पास घुमावदार मोड़ पर हुआ। बस सवाई माधोपुर से लालसोट जा रही थी। हादसे में 7 यात्री घायल हो गए। 3 गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है।

#### बूंदी में कोहरे के चलते ट्रेलर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारी

जयपुर, कोटा, सीकर, उदयपुर, नागौर में सोमवार सुबह घना कोहरा रहा। सीकर में विजिबिलिटी 50 मीटर तक रह गई। कई शहरों में तो हाईवे पर सुबह नौ बजे तक हेडलाइट जलाकर गाड़ियां निकली। बूंदी में घने कोहरे के कारण ट्रेलर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में रामनिवास मालव (60) की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेलर ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैफिक व्यवस्था को संभाला।

## स्वच्छता राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल : दिलावर




जयपुर।

पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने सोमवार को शासन सचिवालय में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लक्ष्यों, प्रगति, कार्ययोजना की समीक्षा की । बैठक में पंचायती राज राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी भी उपस्थित रहे। बैठक में पंचायती राज मंत्री ने कहा कि स्वच्छता राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फरवरी माह के अंत तक सभी जिलों को साफ-सुथरा बनाए जाने की दिशा में कार्य किया जाए।


उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्रतिदिन सफाई कार्य एवं प्रतिदिन कचरा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सफाई एवं कचरा प्रबंधन से संबंधित निरीक्षणों की रिपोर्ट नियमित रूप से प्राप्त करने के निर्देश भी दिए गए। श्री दिलावर ने आगामी माह में पॉलीथिन मुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इस अभियान के अंतर्गत पॉलीथिन के उपयोग पर रोक लगाने एवं आमजन को जागरूक करने के लिए विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

## सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने यूएई में भारतीय राजदूत से की मुलाकात

नई दिल्ली.

भारतीय थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के आधिकारिक दौरे पर हैं। उनकी यह आधिकारिक यात्रा आज सोमवार को प्रारंभ हुई। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने यूएई में भारत के राजदूत डॉ. दीपक मित्तल से एक महत्वपूर्ण मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों के बीच बढ़ते सामरिक सहयोग, रक्षा साझेदारी और सैन्य कूटनीति को और मजबूत बनाने पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। इस दौरान भारत और यूएई के बीच सैन्य स्तर पर पारस्परिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक, सेना प्रमुख की यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण है। इस दौरान संयुक्त अभ्यासों के दायरे को विस्तृत करने, रक्षा प्रौद्योगिकी तथा लॉजिस्टिक सपोर्ट जैसे क्षेत्रों में नई संभावना तलाशने तथा रणनीतिक साझेदारी को अगले चरण तक ले जाने पर विशेष ध्यान दिया जा सकता है।

### कोबरी-सार




राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026

## मारवाड़ी समाज में उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में चुनौतियों के बीच अवसर तलाशने की अद्भुत क्षमता : डॉ. मोहन यादव

### डिजिफेस्ट से मिल रहा राज्य के स्टार्टअप और नवाचारों को वैश्विक मंच - उपमुख्यमंत्री बैरवा

जयपुर।

जेईसीसी, सीतापुरा में आयोजित राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 के अंतर्गत सोमवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामय उपस्थिति में डेस्टिनेशन मध्यप्रदेश: भारत का अगला प्लेटफॉर्म स्केलेबल टेक और इनोवेशन विषयक सत्र का आयोजन किया गया।

डॉ. मोहन यादव ने अपने संबोधन में कहा कि राजस्थान ने तमाम भौगोलिक कठिनाइयों के बावजूद व्यापार, उद्योग और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी समाज में चुनौतियों के बीच अवसर तलाशने की अद्भुत क्षमता है, जिसने उद्योग और व्यापार को नई ऊँचाइयाँ दी हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों ही पड़ोसी राज्य निवेश, नवाचार और सतत विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ दोनों राज्य एआई, टेक्नोलॉजी, सॉफ्टवेयर और आईटी सेक्टर में नए विकल्प के रूप में




उभर रहे हैं, जिससे ये राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए आकर्षक केंद्र बन चुके हैं। डॉ. यादव ने कहा कि दोनों राज्यों की वर्तमान सरकारों के बीच आपसी संवाद और समन्वय से जल बंटवारे पर सहमति बनाई गई है।

उन्होंने कहा कि भारत का अतीत गौरवशाली रहा है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्तमान युग भी स्वर्णिम युग बन रहा है, जहां प्रत्येक नागरिक को आगे बढ़ने के समान अवसर मिल रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार भी अपनी औद्योगिक नीतियों के माध्यम से औद्योगिक विकास के नए द्वार खोल रही है। राज्य में स्थापित हो रहे नए उद्योग रोजगार की व्यापक संभावनाएं सृजित कर रहे हैं।

राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट राज्य के डिजिटल नवाचार और उद्यमिता की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का स्पष्ट विजन है कि डिजिटल तकनीक को सुशासन, रोजगार और आर्थिक विकास का प्रभावी माध्यम बनाया जाए।

## राम रहीम 15वीं बार जेल से बाहर आया

### सिरसा डेरे में ऑनलाइन सत्संग किया

**रोहतक।** 40 दिन की पैरोल पर रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर आए डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने सिरसा डेरा पहुंचकर संगत के साथ ऑनलाइन संवाद किया। इसमें उसने संगत से कहा कि डेरे के जिम्मेदारों के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। डेरा प्रमुख ने कहा- रोजाना सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ऑनलाइन सत्संग होगा, जिसमें मैं रहूंगा। भजन भी सुनाऊंगा। सोमवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे राम रहीम जेल से निकला और बुलेट प्रूफ लैंड क्रूजर, फॉर्च्यूनर के काफिले में सिरसा डेरे पर पहुंचा। यहां पहुंचने के बाद उसने वह सीधा दोपहर 3 बजे शुरू होने वाली मजलिस में पहुंचा। इसके बाद शाम करीब 4 बजे से सवा घंटे तक ऑनलाइन संवाद किया। राम रहीम साध्वियों के यौन उत्पीड़न और पत्रकार की हत्या के मामलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। इस बार वह 15वीं बार पैरोल या फरलो लेकर जेल से बाहर आया है।

## शशि थरूर बोले- मैं कभी पार्टी लाइन से नहीं भटका

### 17 साल से कांग्रेस में हूं, सभी से अच्छे संबंध, लोग मेरी पूरी पोस्ट नहीं पढ़ते



**वायनाड।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य शशि थरूर ने कहा कि मैं कभी पार्टी लाइन से नहीं भटका। उन्होंने कहा कि मेरा सवाल है, किसने कहा कि मैंने पार्टी लाइन छोड़ दी। जब मैंने विभिन्न विषयों पर अपनी राय व्यक्त की तो पार्टी और मैं एक ही लाइन पर खड़े थे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि वह 17 साल से पार्टी में हैं और सहकर्मियों के साथ उनके अच्छे संबंध हैं। अब किसी अचानक गलतफहमी की कोई जरूरत नहीं है। थरूर ने केरल के वायनाड स्थित सुल्तान बथेरी में आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाने के लिए केपीसीसी की लक्ष्य 2026 नेतृत्व शिविर में भाग लिया। मीटिंग के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात करने के दौरान ये बातें कहीं।

## ऑपरेशन सिंदूर व आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सेवा सराहनीय : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली।

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने ऑपरेशन सिंदूर तथा विभिन्न आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सराहनीय सेवाओं का उल्लेख किया। उपराष्ट्रपति सोमवार को नई दिल्ली में एनसीसी के रिपब्लिक डे कैंप 2026 में पहुंचे थे। यहां उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित किया। इसी दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर व विभिन्न आपदा राहत अभियानों में एनसीसी कैडेट्स की सराहनीय सेवाओं का जिक्र किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एनसीसी शिविर केवल प्रशिक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की विविधता में एकता, संवैधानिक मूल्यों और भविष्य के नेतृत्व की झलक प्रस्तुत करता है।

#### दिल्ली में आयोजित एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन बतौर मुख्य अतिथि नई दिल्ली में आयोजित एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने देश के निर्माण में एनसीसी की अहम भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी का ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन देश के युवाओं को आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और सेवा-भावी नागरिक बनाने में लगातार महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

#### इस वर्ष देश भर के 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से आने वाले कैडेट इस कैंप का हिस्सा

गौरतलब है कि रक्षा मंत्री व तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी भी गणतंत्र दिवस के लिए लगने वाले विशेष एनसीसी कैंप में जाते हैं। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि इस वर्ष देश भर के 28 राज्यों और 8 केंद्रशासित प्रदेशों से आने वाले कैडेट इस कैंप का हिस्सा बने हैं। यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप में कुल 2,406 कैडेट हैं। इनमें से 898 बालिका कैडेट शामिल हैं, जो इस साल कैंप में भाग ले रही हैं।

#### यह अब तक का सबसे बड़ा दल

अधिकारियों का कहना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा दल है। एनसीसी के इस कैंप में देश भर से आए कैडेट्स की भागीदारी तो है ही, लेकिन इसके साथ ही विदेशों से आए कैडेट्स भी इस कैंप का हिस्सा हैं। भारतीय कैडेट्स के अलावा 25 अलग-अलग मित्र देशों के युवा कैडेट और अधिकारी यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत इस कैंप में शामिल हो रहे हैं।



#### उपराष्ट्रपति ने कहा- यही युवा विकसित भारत 2047 की नींव

उन्होंने कहा कि यही युवा विकसित भारत 2047 की नींव हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में उपराष्ट्रपति का कैंप पहुंचने पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया गया। इसके बाद उपराष्ट्रपति ने हॉल ऑफ फेम का दौरा किया। हॉल ऑफ फेम में उन्हें एनसीसी की गौरवपूर्ण विरासत, उपलब्धियों और विकास यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति ने यहां विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉल्स का भी निरीक्षण किया। इन प्रदर्शनी स्टॉल्स में युवा आपदा मित्र योजना, ड्रोन प्रशिक्षण, और नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग से जुड़ी पहल शामिल रहीं। उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर आपदा प्रबंधन की तैयारी और उभरती तकनीकों को अपनाने में एनसीसी की भूमिका की प्रशंसा की। यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कैडेट्स ने विविध राज्यों की कला-संस्कृति को भी प्रस्तुत किया। उपराष्ट्रपति ने कैडेट्स से संवाद भी किया और उनके अनुशासन, उत्साह और राष्ट्रीय गौरव की भावना की विशेष सराहना की। एनसीसी के कैंप में कैडेट्स के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। एनसीसी रिपब्लिक डे कैंप में कई अन्य प्रमुख आयोजन भी होने हैं। यहां आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता, स्मॉल आर्म्स फायरिंग, गणतंत्र दिवस परेड में मार्चिंग कंटिजेंट तथा फ्लैग एरिया डिजाइनिंग शामिल हैं।

## नि:शुल्क कम्प्यूटर कोर्स शुरू



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से चयनित महिलाओं व बालिकाओं के लिए संचालित नि:शुल्क आरएससीआईटी व आरएससीएफ, कम्प्यूटर कोर्स का हर्ष कम्प्यूटर सेंटर राजलदेसर में शुभारम्भ किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगरपलिका पार्षद सुलोचना ने की। अतिथियों ने 26 महिलाओं व बालिकाओं को पुस्तके वितरित की। सेंटर निदेशक नन्दलाल प्रजापत ने बताया कि तीन माह तक प्रशिक्षण के बाद परीक्षा होगी। इस मौके पर बालिकायें व महिलाएं मौजूद रही।

## पोष बड़ा महोत्सव आयोजित



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** श्री बुडला बालाजी मंदिर परिसर व शिव परिवार इंडाली में पोष बड़ों का भोग हर साल की भांति 11 वर्ष से लगातार लगाया जा रहा है। इस अवसर पर काफी ग्रामीणों ने भाग लिया व भगवान का प्रसाद पाया। जिन्होंने भी मंदिर में कार्य किया उनका सम्मान किया गया। यह कार्य जयराम शर्मा के सानिध्य में बुडला बालाजी मंदिर परिसर में मूंगा राम जांगिड़, सुल्तान धींवा, दयाराम लांबा, महेंद्र शर्मा, बजरंग सिंह शेखावत, संदीप जगनानी झुंझुनू, मनोज खाजपुरिया एवं अन्य के सहयोग से संपन्न हुआ। प्रसाद भोग में डॉक्टर बीडी बाजिया, संदीप टेलर, सीडीपीओ किशन टेलर, रंगलाल जाखड़, अरविंद भालोठिया, सांवरमल, महिपाल लांबा, प्रकाशसिंह, राजू देग एवं गांव के अन्य गणमान्य लोग तथा महिलाएं काफी संख्या में उपस्थित रहे। अभिषेक शर्मा श्री बालाजी ज्वैलर्स झुंझुनू का भी अच्छा सहयोग रहा। इस अवसर पर मनोज खाजपुरिया द्वारा श्री बालाजी महाराज को शाल अर्पण किया तथा जिन लोगों ने पूर्व में मंदिर कार्य करवाए थे उनका शॉल ओढ़ाकर व माला अर्पण कर स्वागत किया।

## 81 लाख की अफीम के साथ एक युवक गिरफ्तार

निसं



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ पुलिस ने मेगा हाइवे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 16 किलो 195 ग्राम अफीम को बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अफीम को ट्रक की स्टेपनी में छुपा रखा था। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि मालासर टोल के पास गश्त के दौरान पुलिस ने रतनगढ़ की तरफ से आ रहे एक ट्रक को रोककर तलाशी ली तो ट्रक की स्टेपनी से 16 किलो 195 ग्राम अफीम के छह पैकेट्स बरामद हुए। जब्त वाहन व अफीम का बाजार मूल्य करीब 81 लाख रुपए है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर प्रतापगढ़ के धामनिया जागीर निवासी ट्रक चालक घनश्याम कुमावत को गिरफ्तार किया है। आरोपी गुजरात से खाली ट्रक को लेकर हनुमानगढ़ की ओर जा रहा था।

## गैस एजेंसी द्वारा महिलाओं को मिला नववर्ष का तोहफा



निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उज्ज्वला योजना के तहत टीटनवाड़ गैस एजेंसी द्वारा नववर्ष पर महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन का तोहफा दिया गया है। बबलू गुढ़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर गरीब वर्ग के लोगों को गैस कनेक्शन दिए गए हैं जिसका मुख्य उद्देश्य हर रसोईघर से धुंआ हटाना है। इस मौके पर संयोजक सुनील महला व सह प्रबन्धक मनोज कुमार महला ने पिंकी, सरोज, सुमन, अंजना, ओमवती आदि को गैस के कनेक्शन चूल्हे सहित दिए। इस मौके पर मुकेश योगी, सतवीर, रोहितास, नागरमल, टीलू रुलानीया आदि उपस्थित रहे।

## महेश कैलेंडर-2026 का विधिवत पूजन कर वितरण शुरू



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** बीकानेर जिला माहेश्वरी सभा द्वारा प्रकाशित महेश कैलेंडर-2026 का विमोचन रविवार को सभापति जी संदीप काबरा के कर कमलों से जोधपुर में हुआ है। माहेश्वरी शहर सभा अध्यक्ष भंवरलाल बाहेती ने बताया कि सोमवार को नोखा सभा द्वारा विधिवत लाहोटी चौक स्थित वीर हनुमानजी मन्दिर में जिलाध्यक्ष ललित झंवर के हाथों गणेश पूजन कर कलेंडर वितरण का कार्य शुरू किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ललित झंवर ने बताया कि महेश कलेंडर 2026 बीकानेर जिले के प्रत्येक माहेश्वरी परिवार में पहुंचाया जाएगा व कलेंडर में सबसे उपयोगी बात जो महासभा द्वारा चलाई जा रही सामाजिक योजनाओं का पृष्ठ प्रिंट है उसे प्रत्येक समाज के घर मे पहुंचाना है ताकि जरूरतमंद सामाजिक व्यक्ति उस योजनाओ का लाभ ले सकें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ललित झंवर, नोखा शहर सभा अध्यक्ष भंवरलाल बाहेती, उपाध्यक्ष पुरषोत्तम तापड़िया, खेल मंत्री अंकित तोषनीवाल, कार्यसिमिति सदस्य जेठमल लाहोटी, पार्षद देवकिशन चांडक, श्यामसुंदर राठी, हरिकिशन डागा उपस्थित रहें।

# ज्ञापन : पंचायत समितियों का गठन नियमानुसार सही तरीके से करने की मांग

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अभिभाषक संघ तारानगर के अध्यक्ष एडवोकेट प्रभुदयाल सहारण व अन्य ने उपखण्ड अधिकारी को मुख्यमंत्री, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, शासन सचिव व जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन देकर नव गठित तारानगर पश्चिम पंचायत समिति के कोष्ठक में से भालेरी नाम हटाने एवं तारानगर पूर्व व तारानगर पश्चिम पंचायत समितियों की सीमाओं में सुधार कर पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्य के वार्डों का गठन नियमानुसार सही तरीके से करने की मांग की है। ज्ञापन में अध्यक्ष एडवोकेट सहारण ने बताया कि नियमानुसार पंचायत समितियों का गठन करते समय सम्पूर्ण पंचायत समिति की समस्त ग्राम पंचायते एक-दूसरे की सीमा से सहबद्ध होकर जन सुविधा व प्रशासनिक दृष्टिकोण से पंचायत समितियों में नजदीक की ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किये जाने का प्रावधान है परन्तु तारानगर वर्तमान तारानगर पूर्व व भालेरी वर्तमान तारानगर पश्चिम दोनों पंचायत समितियों में ना तो नजदीक की ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया गया है और ना ही दोनों पंचायत समितियों तारानगर पूर्व व तारानगर पश्चिम में आने वाली समस्त ग्राम पंचायतें एक दूसरे की सीमाओं से सहबद्ध है। एडवोकेट सहारण ने ज्ञापन में बताया कि मूल पंचायत समिति तारानगर में कुल 52 पंचायतें नवसृजित हुई है जिसमें अकेले तारानगर की ग्राम पंचायतों से ही तारानगर पूर्व व तारानगर पश्चिम पंचायत समितियां बन सकती है क्योंकि वर्तमान में भालेरी संशोधित तारानगर पश्चिम में 25 पंचायतें तथा तारानगर संशोधित तारानगर पूर्व में तारानगर की 27 पंचायतें शामिल है जो तारानगर पूर्व में राजगढ़ तहसील की 8 पंचायतों को गलत तरीके से प्रस्तावित कर तारानगर पूर्व पंचायत समिति में जोड़ा गया है। क्योंकि मरूस्थलीय जिला चूरू में जनसंख्या मापदण्डों बाबत् 20 प्रतिशत छूट है तथा इसके अलावा भी शिशिलता देकर पंचायत समितियां बनाने हेतु जिला कलेक्टर को आदेशित कर रखा है। जो एक पंचायत समिति में 25 से कम ग्राम पंचायतें रखी जाकर न्यूनतम 20 ग्राम पंचायतें रखी जाने का भी प्रावधान है। राजगढ़ की 8 ग्राम पंचायतें तारानगर पूर्व पंचायत समिति में जोड़ने से तारानगर पूर्व पंचायत समिति व राजगढ़ की 8 पंचायतों के लोगों को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा क्योंकि राजगढ़ तहसील की जोड़ी गई 8 ग्राम पंचायतें कभी भी तहसील क्षेत्र व उपखण्ड क्षेत्र तारानगर में सम्मिलित नहीं हो सकती है। इन लोगों को महज एक पंचायत समिति हेतु तारानगर आना पड़ेगा जो किसी भंयकर दुविधा से कम नहीं है तथा तारानगर पूर्व पंचायत समिति के लोगों को मिलने वाली योजनाओं व सुविधाओं का भी राजगढ़ तहसील की 8 ग्राम पंचायतें तारानगर में जुड़ने पर बंटाधार होगा जिसका तारानगर के लोगों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। सहारण ने बताया कि तारानगर व भालेरी पंचायत समिति को तारानगर पूर्व व तारानगर पश्चिम भालेरी संशोधित प्रकाशन करने के बाद पंचायत समितियों की स्थिति पूरी तरह से बदल गई है इसलिए तारानगर पश्चिम पंचायत समिति के कोष्ठक में से भालेरी नाम हटाया जाना न्यायोचित है ताकि तारानगर की जनता में बनी



भ्रम की स्थिति दूर हो क्योंकि भालेरी तारानगर तहसील के अंतिम छोर का गांव है।

सहारण ने बताया कि वार्डों के गठन में प्रत्येक वार्ड की जनसंख्या यथासंभव समानुपात में रखते हुये तथा समस्त ग्राम पंचायतों को एक निर्वाचन क्षेत्र में रखकर राजस्थान पंचायतीराज निर्वाचन नियम 3 (7) के अनुसार प्रत्येक वार्ड को उतर-पश्चिम कोने से आरंभ कर घड़ी की विपरित दिशा की ओर बढ़ते हुऐ समीपस्थ वार्डों का क्रमवर्ती संख्या अंकित करते हुये वार्डों का गठन नियमानुसार करने का प्रावधान है इसलिए तारानगर पूर्व पंचायत समिति में से राजगढ़ तहसील की 8 पंचायतों को हटाते हुये ढ़िंगी, हड़ियाल, ब्रह्मनगर, अलायला, रामपुरा, सात्यूँ, राजपूरा सहित तारानगर की पूर्व दिशा की तरफ की समस्त ग्राम पंचायतें तारानगर पूर्वी पंचायत समिति में तथा भालेरी वर्तमान तारानगर पश्चिम पंचायत समिति के कोष्ठक में से भालेरी नाम हटाते हुये खरतवास, भांमरा, रैयाटुण्डा, बनियाला, भाडंग, धीरवास बड़ा, लूणास सहित तारानगर की पश्चिम दिशा की तरफ की समस्त ग्राम पंचायते तारानगर पश्चिम पंचायत समिति में रखी जाकर ही तारानगर पूर्व व तारानगर पश्चिम पंचायत समितियों की सीमाओं में संशोधन कर पंचायत समिति व जिला परिषद के वार्डों का गठन किया जावे ताकि तारानगर की जनता परेशान न हो।

# ज्ञापन : सीजीएचएस औषधालय खोलने की मांग

जयशंकर जांगिड़


**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सोमवार को सीएपीएफ अध्यक्ष विद्याधर सिंह दूलड़ की अध्यक्षता में सीजीएचएस का औषधालय खुलवाने की मांग को लेकर गृह मंत्री अमित शाह और स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर अरूण गर्ग को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि भारत सरकार स्वास्थ्य योजना के औषधायल जयपुर में स्थापित है। इनकी दूरी शेखावाटी के तीनों जिले सीकर चूरू व झुंझुनू से 100 से 200 किलोमीटर के बीच है।



बीमार सेवारत/सेवानिवृत कर्मचारियों को समय-समय पर चिकित्सा सहायता की आवश्यकता पड़ती है। वृद्धजनों को इलाज के लिए यात्रा करना बहुत कष्टदायी एवं खर्चीला होता है। जयपुर इलाज के लिए आने जान एवं ठहरने का व्यय करना बहुत भारी पड़ता है। शेखावाटी के तीनों जिलों में केन्द्रीय सरकार के सेवारत/सेवानिवृत कर्मचारियों के लगभग सतर हजार परिवार है। केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए सीजीएचएस औषधालय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है ताकि सूचारू रूप से कर्मचारियों के परिवार का इलाज करवाया जा सकें। जिला स्तर पर उपलब्ध अच्छे औषधालयों/अस्पतालों को इस योजना के तहत अनुमोदित भी किया जावें। ज्ञापन के माध्यम से तीनों जिलों के मध्य एक सीजीएचएस औषधालय खोलने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते समय विनोद मूंड, मोहम्मद सादिक, ओमप्रकाश दूलड़, नगेन्द्र ढाका, मनीराम बाकरा, राजेन्द्र प्रसाद हर्षवाल, विजेन्द्र भांमू आदि मौजूद रहे।

## प्रजापत ने शेखावाटी बॉडी बिल्डिंग कम्पीटिशन में बनाया तीसरा स्थान

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** बॉडी पावर एंड फिटनेस ग्रुप द्वारा आयोजित मिस्टर शेखावाटी बॉडी बिल्डिंग कॉम्पीटीशन में कस्बे के निर्मल प्रजापत पूत्र नानूराम प्रजापत ने प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें वह पुरुष प्रतियोगिता में फिजिक्स में रनर अप (तीसरे स्थान) पर रहे। निर्मल पिछले 2 साल से इस प्रतियोगिता की तैयारी फिटनेस कोच मानवेंद्र सिंह शेखावत की देखरेख में कर रहा था। 4 जनवरी को आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में निर्मल ने राजलदेसर का नाम रोशन कर अपने युवा साथियों को उत्साहित किया है।

## बुडानिया अध्यक्ष व कासनिया बने कर्मचारी महासंघ के मंत्री



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ चूरू के जिलाध्यक्ष रिछपाल चारण एवं मंत्री फुलेसिंह बुरड़क ने तारानगर ब्लॉक इकाई का गठन किया है। कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से सविता बुडानिया को तहसील अध्यक्ष एवं राजमल कासनियां को मंत्री नियुक्त किया। नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मनीषा कृषि विभाग, दशरथ यादव, अशोक सहारण, कुलदीप छिपा, टिकुराम मीना, बाबू खान, अविनाश गोदारा, रविंद्र बुरड़क, मदनलाल सहारण, राजेंद्र कुमार धेतरवाल, शुभाराम कुल्हरी, लियाकत खान, कमल कुमार आदि विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। महासंघ के जिलाध्यक्ष चारण ने मांगों को लेकर 12 जनवरी को जयपुर में अधिक से अधिक पहुंचने का आह्वान किया।

## शहीद पूनिया का शहादत दिवस मनाया

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** पूनिया की ढ़ाणी तन सौन्थली गांव के शहीद दिनेश पूनिया का शहादत दिवस सोमवार को मनाया गया। वीरांगना शारदा देवी डॉ. जितेंद्र पूनिया व परिजनों ने स्मारक स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि शहीद पूनिया 2 जनवरी 2002 को जम्मू कश्मीर के नोसेरा सेक्टर के बारामूला के गोल पोस्ट पर आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। 5 जनवरी को उनका अंतिम संस्कार किया गया था। इस दौरान पूर्व सरपंच तुलसीराम पूनिया, कैप्टन जालूराम, मूलचंद पूनिया, सुरेश कुमार, जुगलकिशोर, पितराम सिंह, महीपाल, रघुवीर सिंह, सतवीर सिंह, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला युवक गिरफ्तार

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और एससी, एसटी समाज पर सोशल मीडिया के द्वारा अभद्र टिप्पणी करने वाले जाँदवा निवासी आरोपी युवक को रतनगढ़ थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रतनगढ़ डीएसपी इंसार अली ने बताया की आरोपी द्वारा बाबासाहेब और एससी, एसटी समाज पर अभद्र टिप्पणी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था और उसके बाद आरोपी करतार सिंह के खिलाफ रतनगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। लगातार आरोपी



की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एससी, एसटी समाज भी प्रदर्शन कर रहा था ऐसे में पुलिस ने दर्ज मुकदमे में अनुसंधान में आरोपी को दोषी मानते हुए गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने की कारवाई की है। डीवाईएसपी इंसार अली ने बताया कि 29 दिसंबर की रात सोशल मीडिया पर लाइव आकर रतनगढ़ तहसील के गांव जांदवा निवासी करतारसिंह ने डॉ अम्बेडकर एवं अनुसूचित जाति व जनजाति के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। प्रकरण में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी करतारसिंह को सोमवार को गिरफ्तार किया है। डीवाईएसपी इंसार अली ने बताया कि किसी भी महापुरुष या समाज के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाने की अपील आमजन से की है।

# नि:शुल्क इलेक्ट्रॉपैथी चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** कुम्भ नाथजी दरबार की पुण्यतिथि के अवसर पर कामाक्षा माँ शैलेन्द्र बाबा कामधेनु सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में राजस्थान स्वास्थ्य सेवा अभियान के तहत नि:शुल्क इलेक्ट्रॉपैथी चिकित्सा शिविर का शुभारंभ हुआ। दरबार के महंत अघोरी बाबा शैलेंद्र नाथ महाराज व पोकरण विधायक महंत प्रताप पूरी महाराज ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर संयोजक घनश्याम शर्मा एवं सुरेश शर्मा ने बताया कि डॉ नंदकिशोर कुमावत के नेतृत्व शिविर में जयपुर के योगवंशम सेवा संस्थान के डॉ



घनश्याम चौधरी, डॉ आलोक, डॉ नीरज, डॉ प्रमोद, डॉ अनूप सैनी, डॉ आर एन वर्मा, डॉ एस आर सोनी सीकर सहित टीम ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में मरीजों को आवश्यक परामर्श प्राकृतिक चिकित्सा उपचार के साथ एलेक्ट्रोहोम्योपैथी की दवाइया नि:शुल्क दी गई। इस अवसर पर पार्षद प्रमोद पचलँगिया, सीपी जांगिड़, चंद्र पाल दुलड़, महेश डोटासरा, विनोद बिरख, मुकेश डोटासरा, गोपी सैनी, पवन सैन, ओपी विर्ख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद रहे। बाबा के सेवक रमेश कुमार ने बताया कि महंत अघोरी बाबा शैलेन्द्र नाथ महाराज के सानिध्य में मंगलवार को कुम्भ नाथजी दरबार की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई जायेगी। पुण्यतिथि के अवसर पर समाधि पूजन, कन्या पूजन, कन्या भोजन, भंडारा एवं संतों का सम्मान एवं संतों की विदाई होगी।

## 10 दिवसीय ऑन जॉब प्रशिक्षण ओजीटी एवं इंटर्नशिप का समापन



निसं

**साण्डवा ( नवयत्न )।** पीएमश्री लक्ष्मी नारायण तापड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांडवा की कक्षा 11 में अध्ययनरत व्यावसायिक शिक्षा के 80 छात्रों एवं कक्षा 12 में अध्ययनरत व्यावसायिक शिक्षा में 77 छात्रों का शीतकालीन अवकाश के दौरान दिनांक 25/12/25 से 05/1/2026 तक ऑन जॉब प्रशिक्षण एवं इंटर्नशिप का आयोजन करवाया । प्रधानचार्य नरेश कुमार थालोड़ ने बताया कि विद्यालय में संचालित व्यावसायिक शिक्षा की दोनों ट्रैड का ऑन जॉब प्रशिक्षण में पवन कुमार, भवानी शंकर मारू, रामदेवा राम, कौशल मित्र प्रभाकरण मण्डा, नेमीचंद एंव पूजा कंवर के निर्देशन में आई/आईटीएस का प्रशिक्षण ज्ञान ज्योति प्रशिक्षण संस्थान व ग्लोबल एकेडमी एवं ब्यूटी वेलनेस का प्रशिक्षण ऐश्वर्या ब्यूटी पार्लर, जे. एम. मेकओवर ब्यूटीपार्लर में 10 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ, प्रशिक्षण के दौरान आई/आईटीएस के छात्रों ने सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित एवं ब्यूटी वेलनेस के छात्रों ने ब्यूटी पार्लर से संबंधित कार्य अपने हाथों से प्रेक्टिकल किया।

# सड़क दुर्घटना मामले में पीड़ित पक्ष को 18.57 लाख का अवार्ड पारित

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी तारानगर संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना के मामले में कुल 18.57 लाख रूपये का अवार्ड पारित किया। पीड़ित पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि ग्राम बनियाला निवासी विजयसिंह पुत्र भंवरलाल, जिसने पीएनबी बैंक के पास साहवा में किसान फोटो स्टुडियो की दुकान चलाता था जो दिनांक 05.11.2018 को सुबह बनियाला से अपनी स्टुडियो की दुकान पर चला गया था। उसी दिन करीब शाम 8 बजे विजय कुमार व दानाराम पुत्र टिकूराम दोनों मोटरसाईकल नं. आरजे 10 एसजे 7229 पर सवार होकर किसी काम से नोहर रोड की तरफ आ रहे थे, जो सिहाग धर्मकांट साहवा के पास पहुंचे तो सामने से वाहन ट्रेक्टर नं. आरजे 10 आरबी 1157 के चालक पूर्णमल पुत्र रेवंतराम धोबी निवासी तारानगर ने अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही से चलाकर विजय कुमार की मोटरसाईकल के सामने से टक्कर मार दीए जिससे विजय कुमार व दानाराम के गम्भीर चोटें आई, दोनों को सरकारी अस्पताल साहवा लेकर आये, जहां डॉक्टरों ने उक्त दुर्घटना में आई गम्भीर चोटों के कारण विजय कुमार को मृत घोषित कर दिया। घटना का मुकदमा मृतक के चाचा शिवभगवान ने पुलिस थाना तारानगर में दर्ज करवाया। पुलिस ने अनुसंधान कर चालक पूर्णमल के खिलाफ न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट चूरू में चालान पेश किया। मृतक की ओर से मृतक के पिता भंवरलाल व माता इन्द्रावती व पत्नी ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की जो भंवरलाल आदि बनाम यु.आई.सी. ई. क. लि. आदि पेश कीए जिसमें पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने पत्रावली का अवलोकन कर पत्रावली पर आये साक्ष्यों के आधार पर प्रार्थीगण के पक्ष में कुल ब्याज सहित 18.57 लाख रूपये का अवार्ड पारित कर अप्रार्थी बीमा कम्पनी को अदा करने का आदेश प्रदान किया।

## नगर कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी गठित

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** नगर कांग्रेस कमेटी उदयपुरवाटी की नई कार्यकारिणी का चयन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस महासचिव ललित तुनवाल के निर्देशानुसार अध्यक्ष शिवप्रसाद चेजारा को बनाया है। महासचिव संगठन महावीर प्रसाद सैनी, उपाध्यक्ष गोविन्द कुमार वाल्मीकि, विकी शर्मा मारवाल, रामसिंह मीणा, ओमप्रकाश सैनी, युसुफ खान, महासचिव राजेन्द्र प्रसाद जांगिड बबलू, विजय कुमार मीणा, इमरान खान, खेमचन्द राठी, ज्ञान सिंह शेखावत। सचिव के पद पर बलराम सैनी, अजय कुमार कलवा, आसिफ अली, गोविन्द सिंह राठौड, कैलाश चन्द्र स्वामी, जगदीश प्रसाद सैनी, पूरणमल सैनी, ताराचन्द राठी, राकेश कुमार सैनी, किशन लाल सरपरा को बनाया। प्रवक्ता विकास कुमार सैनी। सोशल मीडिया प्रभारी राहुल कुमार चेजारा। कार्यकारिणी सदस्य भाबरमल सैनी, कालूराम सैनी, गंगाधर सैनी, जुगल किशोर स्वामी, चेतन कुमार सैनी, शिव प्रसाद सैनी बने है।

## विधायक गोदारा के जन्मदिवस पर गौमाता को खिलाया गुड़

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा के जन्म दिवस पर श्री राजलदेसर गौशाला में राजलदेसर नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से गौशाला में अंधी विकलांग गौमाता को गुड़ खिलाया एवं उनके स्वस्थ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जब्बार खोकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आरिफ बगड़, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मोहनलाल मेघवाल, भूराराम मेघवाल, राजेश स्वामी, पार्षद नबी बख्श, अनवर गोरी, दौलत राम जाट, भोजराज मेघवाल, अशफाक बगड़, रिजवान बगड़, जाकिर हुसैन, मोहम्मद शरीफ बेहलिम आदि कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

## गायत्री महायज्ञ आयोजित



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** नामदेव नि:शुल्क योग क्लासेज में गायत्री महायज्ञ आयोजित हुआ। योग शिक्षक मोहनलाल शर्मा द्वारा संचालित नामदेव नि:शुल्क योग क्लासेज के तत्वावधान में गायत्री महायज्ञ का अशोक हरचंदानी के तत्वाधान में आयोजन किया गया। महायज्ञ में बड़ी संख्या में योग साधकों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान विधिवत मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया गया। गायत्री मंत्र की सामूहिक आहुतियों से वातावरण आध्यात्मिक एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं विश्व शांति की कामना की। योग क्लासेज के संचालकों ने बताया कि योग के साथ-साथ इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजनों से मानसिक शांति और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। भविष्य में भी योग व संस्कार से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन में पवन भोजक, संत कुमार दर्जी, विनोद, हेमा, शेराराम, प्रह्लाद सर्राफ, महेश सेवदा, शशि शर्मा, आरती शर्मा, रामजीवन माटोलिया, फुसाराम, दयाशंकर तथा शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## पौष बड़ा महोत्सव आयोजित



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय तहसील मार्केट द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक पोष बड़ा सार्वजनिक महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। महोत्सव में हिंदू मुस्लिम समाज से सभी लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत बालाजी मंदिर में सामूहिक पूजा-अर्चना के साथ की गई। इसके बाद बालाजी महाराज को भोग अर्पित किया गया। महोत्सव के दौरान हिंदू मुस्लिम का आपसी भाईचारा देखने को मिला सभी के आर्थिक सहयोग से प्रसाद के रूप में करीब 70 किलो दाल और आटे से पौष बड़ा और गुलगुले तैयार किए गए। जिनका वितरण श्रद्धालुओं और राहगीरों को दिनभर किया गया। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। आयोजन की व्यवस्थाओं को संभालने में एडवोकेट हरदयाल रुलानियाँ, पोकरमल प्रजापत, श्यामसुंदर बीरड़ा लेड़ी, सोनू शर्मा, हाकम अली खान, कैप्टन फिरोज खान, चांद मोहम्मद, एडवोकेट फारूक बल्खी, सैयद आमीन, मोनू शर्मा, मनीष शर्मा, केसाराम, टीकूराम, नरपत गौड़, रामचंद्र पुनिया, मईनुद्दीन सहित गणमान्य नागरिकों का सराहनीय सहयोग रहा।

## शास्त्री जिला मीडिया प्रभारी एवं सिंह जिला महामंत्री नियुक्त





निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** सनातन सेवा न्यास समिति में झुंझुनू जिले की कार्यकारणी का विस्तार करते हुए शास्त्री अमित भरद्वाज को जिला मीडिया प्रभारी एवं भंवर सिंह निर्वाण को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। उक्त दोनों को यह जिम्मेदारी सीकर संभाग प्रभारी मनोज सहल भारद्वाज की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव ओम मिश्रा के निर्देश पर राजस्थान प्रदेश प्रभारी विनोद प्रजापति ने नियुक्त किया। शास्त्री अमित भारद्वाज और भंवर सिंह को नियुक्ति देने पर संगठन को मजबूती मिलेगी।

## पवन का कबड्डी प्रतियोगिता में चयन

निसं



**साण्डवा ( नवयत्न )।** गांव कातर छोटी निवासी पवन कुमार प्रजापत पुत्र मनोज कुमार प्रजापत का 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम में चयन हुआ है। जानकारी के अनुसार पवन इससे पहले 3 व 4 जनवरी को ब्यावर में आयोजित पूर्व प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए थे। प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 4 जनवरी को पवन का राजस्थान टीम में अंतिम चयन हुआ। अब पवन कुमार प्रजापत 12 से 16 जनवरी तक पानीपत हरियाणा में आयोजित होने वाली 69वीं राष्ट्रीय स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। पवन के इस चयन से गांव कातर छोटी सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। परिवारजनों, ग्रामीणों एवं खेल प्रेमियों ने पवन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि पवन राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर राजस्थान और चूरू जिले का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## पोष बड़ा महोत्सव की रही धूम



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे सहित आसपास के इलाकों में पोष बड़ों की धूम रही। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कस्बे के भैरुजी महाराज मंदिर, पीएनबी बैंक के पास, भैरूजी मोड के कार बाजार सहित अनेक स्थानों पर पोष बड़ो का आयोजन किया गया। यहां पर बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। कालूराम मिस्त्री ने बताया सर्दी के मौसम में भगवान को अनेक प्रकार के व्यजनों का भोग लगाया। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान लाल चन्द्र मिस्त्री, चन्द्र शेखर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# जाट समाज ने उपनिदेशक सीगड़ का किया सम्मान

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सुभाष मार्केट स्थित जाट धर्मशाला में सोमवार को जाट समाज की ओर से खान सुरक्षा महानिदेशालय डीजीएमएस अजमेर रीजन के उपनिदेशक रजनीश सीगड़ के खेतड़ी प्रोजेक्ट आगमन पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपनिदेशक रजनीश सीगड़ रहे, जबकि अध्यक्षता नंदलाल झाझड़िया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी बबलू अवाना व सुनील कटेवा मौजूद रहे। समारोह में समाज के



गणमान्य लोगों ने उपनिदेशक सीगड़ का माल्यार्पण कर साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर समाजसेवी बबलू अवाना ने कहा कि रजनीश सीगड़ ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

सुनील कटेवा व ओमप्रकाश डागर ने बताया कि सीगड़ पूर्व में केसीसी प्रोजेक्ट में सेवाएं दे चुके हैं और डीजीएमएस में रहते हुए उन्होंने केसीसी प्रोजेक्ट का नाम रोशन किया है। उपनिदेशक रजनीश सीगड़ ने अपने संबोधन में कहा कि केसीसी प्रोजेक्ट क्षेत्र की खदानें इस अंचल की आर्थिक रीढ़ हैं। खदानों के सुरक्षित, सतत और आधुनिक विकास से न केवल उत्पादन बढ़ेगा बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि खान सुरक्षा के मानकों के साथ खदानों के समग्र विकास के लिए वे हरसंभव सहयोग और प्रयास करेंगे। समाज के लोगों द्वारा रखी गई मांग खदानों के विकास व रोजगार सृजन पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर राजकुमार, प्रदीप सीगड़, संदीप झाझड़िया, सतवीर, सुरेंद्र चौधरी, रामस्वरूप, राकेश गजराज, हसरत हुसैन, नासीर हुसैन, रणधीर, मुकेश जाखड़, आशीष सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# चाइनीज मांझे के खिलाफ मुहिम : बेजुबानों की सुरक्षा का लिया संकल्प

निसं




**सरदारशहर ( नवयत्न )।** मकर संक्रांति के पर्व पर पक्षियों और राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फ्रेंड्स फॉर एवर सोसाइटी ने चाइनीज मांझे के बहिष्कार का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में सोसाइटी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकजुट होकर प्रतिज्ञा ली कि वे न तो स्वयं घातक चाइनीज मांझे का उपयोग करेंगे और न ही समाज में किसी को ऐसा करने देंगे। इस अवसर पर संरक्षक हरीश जैसनसरिया और अध्यक्ष नितिन सेठिया ने कहा कि खुशियों के त्योहार पर किसी बेजुबान पक्षी की जान जाना या किसी इंसान का घायल होना बेहद दुखद है इसलिए चाइनीस मांजे का बहिष्कार करना होगा। उपाध्यक्ष छत्रमोहन शर्मा (सीएम), सचिव राजेश पारीक और सह सचिव महावीर सोनी, कोषाध्यक्ष गोपाल जालान, उप कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश लाटा, संगठन मंत्री अमित आंचलिया, पूर्व अध्यक्ष विजय चौधरी आदि ने विचार व्यक्त करते हुए चाइनीज डोर का विरोध किया। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद कंदोई, संस्था के पूर्व सचिव राजन जांगिड़, राजवीर सिंह, कपिल शर्मा, रमेश मितल, रतन मोयल, गौरीशंकर भोजक, राकेश जोशी और मुकेश जैसनसरिया ने इस जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया। अंत में सभी सदस्यों ने समाज को सुरक्षित बनाने के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने की शपथ ली।

## व्यक्तित्व विकास, स्वच्छता एवं स्वदेशी अपनाओ पर गतिविधियां आयोजित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय महिला महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर का चतुर्थ दिवस सोमवार को विविध गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ. अंकिता द्वारा किया गया तथा अध्यक्षता प्राचार्य हीरालाल ने की। महाविद्यालय स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। दिन की शुरुआत प्रार्थना एवं ध्यान से हुई। इसके पश्चात डॉ. अंकिता ने फिट महिला, व्यक्तिगत स्वच्छता, प्रेरणा, शिक्षकों के प्रति सम्मान एवं टीम वर्क जैसे विषयों पर व्याख्यान दिया। बाद में स्वयंसेविकाओं को समूहों में विभाजित कर कुकिंग स्किल्स, स्वच्छता अभियान तथा स्वदेशी पनाओ जागरूकता गतिविधियाँ कराई गईं। शिविर में उचित खान.पान व्यवस्था भी की गई। चतुर्थ दिवस सेवा, अनुशासन एवं आत्मविकास के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

# राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करे : घिंटाला



निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सावित्रीबाई फुले की 195 वीं जयंती पर जगदीश प्रसाद घिंटाला अध्यक्ष अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने एक मुहिम शुरू कर 3 जनवरी को राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करवाने के लिए भारत सरकार को उपखंड अधिकारी लाडनूं के जरिए पत्र भेजा है।

घिंटाला ने बताया कि नया गांव, जिला सतारा, महाराष्ट्र में जन्मी सावित्रीबाई फुले के पति ज्योति राव व परिवार के सहयोग से पुणे में देश का पहला बालिका स्कूल खोलने, महिला शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक बुराईयों व आडंबरों के खिलाफ आवाज बुलंद कर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ताउम्र प्रयास करने के चलते देश की प्रथम महिला शिक्षिका के खिताब से जाने-पहचाने जाने वाली शख्सियत के कृतित्व व जीवनी से भावी पीढ़ी को प्रेरणा देने के लिए सरकार से राष्ट्रीय शिक्षिका दिवस घोषित करने की मांग की। चंद्राराम मेहरा प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ आंबेडकर एवं पार्षद सुमित्रा आर्य ने भी शिक्षिका दिवस घोषित करने की मांग को लेकर समर्थन किया।

## अलाव तापने के बावजूद सर्दी का असर जारी



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** क्षेत्र में हाड़ कंपाने वाली सर्दी का सोमवार को असर दिखा। सर्दी के सितम से आमजन का रोम रोम थर्रा उठा। उनी कपड़े पहनने व अलाव तापने के बावजूद सर्दी के सितम से राहत नहीं मिली। रात करीब दस बजे से सुबह 12 बजे तक क्षेत्र कोहरे के आगोश में रहा। नश्तर सी चूभ रही सर्दी से दिन भर लोगों के रोजमरा के कामकाज को भी बुरी तरह से प्रभावित कर दिया।

दोपहर करीब एक बजे आसमान में सूर्य दिखाई दिया तब जाकर लोगों को राहत मिल सकी। वही रजाई में भी लोगों के दात किटकिटाते रहे। पारे के गोता लगाते ही लोगों की धूजणी छूट गई।

# पुष्कर महोत्सव को लेकर धर्म ध्वजारोहण की हुई स्थापना

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर गौशाला के पास स्थित भोला बाबा बगीची में सोमवार को ब्रह्मलीन जसनाथी संत पुष्करनाथ महाराज की 20वी बरसी पर 16 जनवरी से 23 जनवरी को होने वाले पंच कुंडीय अन्नपूर्णा रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर बगीची महंत सोमनाथ महाराज के सानिध्य में भूमि पूजन किया गया तथा धर्म ध्वजारोहण की स्थापना भी की गई। 16 जनवरी को सुबह 10 बजे मंगल कलश यात्रा इच्छापूर्ण बालाजी मन्दिर उतरादा बास से भोला बाबा बगीची कथा स्थल तक पहुँचेगी, 22 जनवरी को यज्ञ व कथा पूर्णाहुति तथा रात्रि को जसनाथजी महाराज का जम्मा, अग्नि नृत्य व रात्रि जागरण का आयोजन होगा 23 जनवरी को महाप्रसादी व सन्तो की विदाई एवं पुष्कर महोत्सव पूर्णाहुति का



कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 12:15 से शाम 4:15 बजे तक रहेगा एवं यज्ञ का समय प्रात: 7 बजे से 11:30 तक रहेगा।

कथा का वाचन यज्ञाचार्य पंडित केदार जोशी नापासर वाले के मुखारविंद से किया जाएगा इस मौके पर संत सुरजीतनाथ महाराज, काननाथ महाराज, प्रेमनाथ महाराज, हंसोजी धाम लिखमादेसर के महंत भंवरनाथ ज्याणी, शिवालय पुजारी रामचंद्र शर्मा, अर्जुन शर्मा जयचंद तिवाड़ी, बाबूलाल तिवाड़ी, गौ ग्राम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित दाधीच, भाजपा जिला प्रवक्ता पवन बोथरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, नेता प्रतिपक्ष दीनदयाल स्वामी, भीकमचंद सुथार, कमल प्रजापत, लालचंद प्रजापत, नंदू माली भवानी सैनी मंत्री, कमलदान चारण, कालूराम जाट, नौरतमल नाई, ताराचंद माली, दौलतराम जाट, किशननाथ, नरेंद्र नाई, सीताराम जाट, लालदास स्वामी, शंकर लाल खडोलिया, कालूराम प्रजापत, किशनाराम पटवारी, रमेश पारीक, मुरारी प्रजापत, राकेश प्रजापत, राकेश स्वामी, प्रहलाद शर्मा, अमित शर्मा हनुमानमल काकंरीवाल सहित अनेकों बगीची के भक्त मौजूद रहे।

# 125 साल पुराना ठाकुरजी के मंदिर का किया जा रहा जीर्णोद्धार

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बण्डवा में 125 साल पुराने ठाकुरजी मंदिर का करीब 1 करोड़ रुपये की लागत से जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण किया जा रहा है, जिससे मंदिर के प्राचीन स्वरूप को निखारा जाएगा और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी, यह कार्य ग्रामवासियों और मंदिर समिति के प्रयासों से संभव हो रहा है, जिसमें पत्थर की कारीगरी और ऐतिहासिकता को बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है। साथ ही भगवान शिव का भी मन्दिर बनाया जा रहा है ग्रामीणों का कहना है कि ये सब ग्रामवासियों की आस्था का प्रतिक का की छोटे से गाँव में करोड़ो की लागत से भव्य मंदिर का



निर्माण किया जा रहा है सभी बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ सहयोग कर रहे हैं जल्द ही मंदिर का निर्माण करके मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी । इस मौके पर श्री कृष्ण गोपाल दाधीच, मूलचंद दाधीच, पूर्व सरपंच करणी सिंह, नथू सिंह, हनुमाना राम सुथार, विकास दाधीच, पंडित तिलोकचंद दाधीच आदि ने बताया इस मंदिर में गांव के लोगों का पूरा सहयोग मिल रहा है साथ ही कुछ दानदाता बाहर से भी सहयोग कर रहे हैं मंदिर का भव्य रूप एवं प्राण प्रतिष्ठा रामनवमी तक होने की पूरी संभावना है साथ ही श्रद्धालुओं के लिए कीर्तन भजन संध्या आदि के लिए शानदार हॉल का भी इस मंदिर में निर्माण कार्य जारी है ज्ञात रहे बंडवा गांव के अंदर ही नहीं अपितु आसपास के ग्रामीण इलाकों मैं यह मंदिर अपने आप में एक अलग ही नजर आएगा गांव के प्रमुख व्यक्तियों ने बताया ठाकुरजी की कृपा से सब कुछ गांव के अंदर हो रहा है वर्तमान में मंदिर परिसर में जोधपुर के पत्थर का कार्य जोर-जोर से चल रहा है।

# पट्टा पत्रावलियों में समय पर पटवारी रिपोर्ट की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पार्षद पंकज घासोलिया ने तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक को एक ज्ञापन सौंपकर पटवारी रिपोर्ट के चलते पट्टे की पत्रावलियों में हो रही देरी की समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर परिषद की पट्टा फाइलें तहसील कार्यालय में अनावश्यक रूप से लंबित पड़ी हैं। ज्ञापन में बताया गया है कि ये फाइलें आवेदन के बाद वर्षों तक नगर परिषद की शिथिल कार्यप्रणाली के कारण अटकी रहती हैं और काफी संघर्ष तथा पार्षदों के व्यक्तिगत हस्तक्षेप के बाद इन्हें बड़ी मुश्किल से आगे बढ़ाया जाता है। ज्ञापन में बताया गया है कि इन फाइलों में नगर परिषद के विधिक सलाहकार की रिपोर्ट लग चुकी है और दस्तावेजों का पूर्ण मूल्यांकन भी किया जा चुका है। विधिक सलाहकार की सकारात्मक रिपोर्ट के बाद तकनीकी रूप से इन फाइलों में अब कोई भी कमी शेष नहीं रहती है, जिससे यह स्पष्ट है कि पट्टा जारी करने की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। विधिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ये फाइलें अंतिम पटवारी रिपोर्ट हेतु तहसील में भेजी जाती हैं, लेकिन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि फाइलें तहसील कार्यालय में पहुंचने के बाद भी समय पर पटवारी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही है। इस प्रकार की देरी के विरुद्ध पूर्व में भी तहसील कार्यालय एवं नगर परिषद की



बैठकों में शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं, परंतु स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। अत: जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करवाकर पट्टों का इंतजार कर रहे लोगों को राहत प्रदान की जावे। ज्ञापन में मांग की गई है कि तहसील कार्यालय एवं पटवारी के पास लंबित इन सभी पट्टा फाइलों की तुरंत समीक्षा की जाए और संबंधित पटवारी भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए पाबंद किया जावे, ताकि पट्टा जारी होने की प्रक्रिया बाधित न हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा नेता विजयसिंह बोरड भी मौजूद रहे।

# स्वदेशी मेला कार्यालय का हुआ उद्घाटन

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे में 16 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में आयोजित होने वाले स्वदेशी मेले के सफल आयोजन हेतु मेला कार्यालय का उद्घाटन समारोह सोमवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। मेला कार्यालय का उद्घाटन तिजारा विधायक महंत बालकनाथ, महंत सूरजनाथ, जयपुर प्रांत समन्वयक लोकेंद्र सिंह नरुका, विभाग संघचालक डॉ. अशोक सिंह शेखावत एवं नगरपालिका चेयरमैन पुष्पा सेवाराम गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने स्वदेशी आंदोलन की आवश्यकता और




महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वदेशी मेले के माध्यम से स्थानीय कारीगरों, लघु उद्योगों एवं स्वदेशी उत्पादों को बाजार उपलब्ध होगा, जिससे आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को मजबूती मिलेगी। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना ही देश की आर्थिक मजबूती का आधार है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत बालकनाथ ने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा किया जा रहा यह प्रयास समाज में आर्थिक राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करेगा। वहीं लोकेंद्र सिंह नरुका ने मेले की रूपरेखा की जानकारी देते हुए बताया कि मेले में स्वदेशी, ग्रामीण एवं कुटीर उद्योगों के उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। डॉ. अशोक सिंह शेखावत ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक विषय नहीं, बल्कि यह राष्ट्रीय स्वाभिमान से जुड़ा विषय है। नगरपालिका चेयरमैन पुष्पा गुप्ता ने नगरवासियों से मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने की अपील की। इस मौके पर पुर्व सांसद संतोष अहलावत, पुर्व विधायक सुभाष पुनियां, बालकृष्ण शर्मा झुंझुनू विभाग संयोजक, ब्रह्मदत मीणा गुड़ा झुंझुनू विभाग सह संयोजक, मेला प्रमुख विक्रम सिंह राठौड़, डॉ. दशरथ सिंह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा के विकास शर्मा, महेंद्र सैनी सेवा भारती, चिड़ावा जिला संघचालक अनिल गुप्ता, सह जिला संघचालक संदीप शर्मा, सूरजगढ़ संघचालक सुरेन्द्र तंवर, बुहाना संघचालक इंद्रपाल यादव, चिड़ावा से प्रभु वर्मा, संत कुमार सैनी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# पेयजल की गुणवत्ता पर उठते रहे हैं सवाल, इंदौर जैसी घटना न होने तक सोता है प्रशासन




इंदौर के बाद बेंगलुरु और गांधीनगर में भी दूषित पेयजल की आपूर्ति की खबरों से कोई आश्चर्य नहीं। वास्तव में अपने देश में अधिकांश इलाकों में पेयजल की गुणवत्ता ठीक नहीं। ऐसा कई शोध-सर्वेक्षणों में भी सामने आता रहता है, लेकिन नगर निगमों के अधिकारी-कर्मचारी और राज्य सरकारें इस समस्या पर तब तक नहीं चेततीं, जब तक कि वैसी कोई घटना नहीं घट जाती जैसी इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में हुई और जहां 16 लोगों की जान चली गई एवं सैकड़ों लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए।

इतनी बड़ी त्रासदी के बाद पहले दो अधिकारियों को निलंबित किया गया था। फिर जब मरने वालों की संख्या बढ़ी तो कुछ अन्य शीर्ष अधिकारियों पर भी गाज गिरी, लेकिन कुल मिलाकर मामला निलंबन तक ही सीमित रहा। इसे कोई ऐसी कार्रवाई नहीं कहा जा सकता, जो नजीर बन सके। सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा रखने वाले इंदौर की घटना यह भी बताती है कि सरकारी तंत्र मूलभूत बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता की किस तरह अनदेखी करता है।

इस अनदेखी में पार्षद से लेकर विधायक, सांसद और मंत्री तक भी शामिल रहते हैं। जिस तरह नगर निकायों के अधिकारी बिजली, पानी, सफाई से जुड़ी सुविधाओं का स्तर सुधारने को प्राथमिकता नहीं देते, उसी तरह नगर निकायों के संबंधित कर्मचारी और अधिकारी भी।

इससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता कि पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता की गुणवत्ता पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पेयजल की गुणवत्ता में सुधार इसलिए नहीं हो पाता, क्योंकि उसकी जांच-परख का काम ईमानदारी से नहीं होता। इसका दुष्परिणाम केवल यह नहीं है कि अपने देश में करोड़ों लोग दूषित पानी पीने को विवश हैं, बल्कि यह भी है कि बहुत से लोगों को खरीद कर पानी पीना पड़ता है अथवा पानी को स्वच्छ करने के लिए किस्म-किस्म के उपकरणों का सहारा लेना पड़ता है। शहरी इलाकों में दूषित पेयजल की आपूर्ति का एक बड़ा कारण यह है कि अनियोजित कालोनियों को रह-रहकर नियमित तो किया जाता रहता है, लेकिन उनमें नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान नहीं दिया जाता। जनप्रतनिधियों की निगाह केवल लोगों के वोट हासिल करने पर होती है। इंदौर का भागीरथपुरा इलाका एक अनियोजित कालोनी ही है।

वोट बैंक की राजनीति के चलते इस अनियोजित कॉलोनी को नियोजित तो कर दिया गया, लेकिन इसकी परवाह नहीं की गई कि यहां सीवर लाइन और पाइपलाइन बिछाने का काम सही ढंग से कैसे होगा? यदि इस पर तनिक भी ध्यान दिया गया होता तो सीवेज को पेयजल वाली पाइपलाइन में मिलने से रोका जा सकता था। अच्छा यह होगा कि इंदौर की घटना से मध्य प्रदेश सरकार ही नहीं, देश भर की सरकारें सबक सीखें।

## विशेष आलेख

# गिग-वर्कर्स : डिजिटल सुविधा की चकाचौंध में पसीने का अंधेरा

> नये साल की पूर्व संध्या पर गिग-वर्कर्स द्वारा की गई हड़ताल ने भले ही देशव्यापी आपूर्ति-श्रृंखला को ठप न किया हो, लेकिन इसने उनकी बदहाल कार्य-परिस्थितियों की ओर देश का ध्यान अवश्य खींचा है। यह हड़ताल किसी राजनीतिक उकसावे का परिणाम नहीं, बल्कि लगातार बढ़ते काम के दबाव, घटते मेहनताने, नौकरी की अनिश्चितता और सम्मान के अभाव की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी।

ऑनलाइन बाज़ार और त्वरित सेवाओं के इस दौर में गिग-वर्कर्स शहरी जीवन-व्यवस्था की वह अदृश्य रीढ़ बन चुके हैं, जिनके बिना 'दस मिनट में डिलीवरी' और 'एक क्लिक पर सुविधा' की कल्पना भी नहीं की जा सकती। बाज़ार आने-जाने के झंझट से लोगों को मुक्त करने वाले ये युवा हर मौसम, हर समय और हर जोखिम में घर-घर सामान पहुँचाते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जिनके श्रम पर डिजिटल अर्थव्यवस्था की ऊँची इमारत खड़ी है, वही श्रमिक सबसे अधिक असुरक्षा, शोषण और उपेक्षा झेल रहे हैं। अपना व परिवार का पोषण करने वाले इन युवा गिग-वर्कर्स को अकसर सरपट दौड़ती मोटरसाइकिलों पर, भारी थैलों के साथ ऊँची इमारतों की सीढ़ियाँ चढ़ते देखा जा सकता है। समय सीमा का दबाव इतना तीव्र होता है कि ज़रा-सी देरी पर आर्थिक दंड झेलना पड़ता है। दुर्घटना, बीमारी या तकनीकी गड़बड़ी-किसी भी स्थिति में उनकी आय पर सीधा असर पड़ता है। ग्राहकों का व्यवहार भी प्राय: असंवेदनशील होता है। देर होने पर झिड़कियाँ, सामान में कमी निकालकर अपमान, कभी-कभी हिंसक व्यवहार और रेटिंग के ज़रिये भविष्य की कमाई पर प्रहार-यह सब इनके रोज़मर्रा का हिस्सा है। इसके बावजूद औसतन 12-14 घंटे काम करने के बाद भी सात-आठ सौ रुपये की आय और वह भी बिना समुचित बीमा या सामाजिक सुरक्षा के एक गहरे शोषण की ओर इशारा करती है।

गिग वर्कर्स वे लोग होते हैं जो पारंपरिक नौकरी के बजाय अस्थायी, लचीले और स्वतंत्र रूप से छोटे-छोटे काम (गिग्स) करते हैं, जो अक्सर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे ऊबर, स्वीग्गी, जोमाटोज् या अन्य ऐप्स के ज़रिए मिलते हैं और इन्हें प्रति कार्य या प्रोजेक्ट के हिसाब से भुगतान मिलता है, न कि नियमित वेतन। इन श्रमिकों के पास कोई स्थायी रोजगार अनुबंध नहीं होता और वे खुद के बॉस की तरह काम करते हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक सुरक्षा (जैसे स्वास्थ्य बीमा, पेंशन) जैसे लाभ नहीं मिलते। गिग वर्कर्स की चुनौतियाँ एवं मजबूरियां ज्यादा है, आय कम। आय की अनिश्चितता, सामाजिक सुरक्षा लाभों (जैसे बीमारी, दुर्घटना, पेंशन) का अभाव, श्रम अधिक-भुगतान कम, कामकाजी घंटों और मजदूरी को लेकर अक्सर विवाद। गिग वर्कर्स गिग इकॉनमी का हिस्सा हैं, जहाँ वे अपनी मर्ज़ी से छोटे-छोटे, अस्थायी काम करके पैसे कमाते हैं, जो पारंपरिक 9-से-5 की नौकरी से अलग होता है। गिग वर्कर का अर्थ है एक ऐसा व्यक्ति जो आमतौर पर सेवा क्षेत्र में एक स्वतंत्र ठेकेदार या फ्रीलांसर के रूप में अस्थायी काम करता है जो पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों के बाहर काम करता है या कार्य व्यवस्था में भाग लेता है और ऐसी गतिविधियों से कमाई करता है। निस्संदेह, गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन की अपनी क्षमता दिखाई है। आज भारत में गिग-वर्कर्स की संख्या सवा करोड़ से अधिक है और अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक पहुँच सकती है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि बेरोजगारी के बढ़ते दौर में पढ़े-लिखे युवा इस व्यवस्था में 'विकल्प' के रूप में नहीं, बल्कि 'मजबूरी' में प्रवेश कर रहे हैं। जिस देश को युवाओं का देश कहा जाता है, वहाँ शिक्षित युवाओं का अस्थायी, असुरक्षित और सम्मानहीन श्रम-व्यवस्था में फँसना न केवल चिंताजनक, बल्कि शर्मनाक भी है। यह स्थिति बताती है कि हमारी विकास-नीतियाँ रोजगार की गुणवत्ता पर नहीं, केवल संख्या पर केंद्रित हैं। गिग-वर्कर्स की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि कंपनियाँ उनसे पूरा काम लेती हैं, लेकिन उन्हें पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंध के दायरे में स्वीकार नहीं करतीं। उन्हें 'स्वतंत्र कामगार' कहकर नियुक्ति, स्थायित्व, बीमा और न्यूनतम वेतन जैसी जिम्मेदारियों से बचा जाता है।



हायर एंड फायर की नीति, एल्गोरिदम आधारित नियंत्रण, रेटिंग सिस्टम और प्रोत्साहन के नाम पर लालच-ये सब मिलकर एक ऐसी अदृश्य जकड़न पैदा करते हैं, जिसमें श्रमिक स्वतंत्र दिखता है, लेकिन वास्तव में पूरी तरह नियंत्रित होता है। हड़ताल के दौरान भी अतिरिक्त प्रोत्साहन देकर या ऑर्डर बढ़ाकर श्रमिक एकता को कमजोर कर दिया जाता है। 31 दिसंबर को एक प्रमुख खाद्य वितरण कंपनी द्वारा रिकॉर्ड ऑर्डर दर्ज किया जाना इसी विडंबना को उजागर करता है। हाल के दिनों में संसद में भी गिग-वर्कर्स के शोषण का मुद्दा उठा है। सांसद राघव चड्ढा और मनोज कुमार झा जैसे नेताओं ने इस वर्ग की दयनीय स्थिति पर ध्यान दिलाया है। यह स्वागतयोग्य है, क्योंकि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में जब तक इन श्रमिकों की आवाज़ शामिल नहीं होगी, तब तक सुधार अधूरे रहेंगे। भारत सरकार द्वारा हालिया श्रम सुधारों में पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को कानूनी रूप से परिभाषित किया गया है। एग्रीगेटर कंपनियों के टर्नओवर का एक से दो प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कोष में योगदान, आधार से जुड़े सार्वभौमिक खाता नंबर जैसी व्यवस्थाएँ एक लंबे समय से प्रतीक्षित कदम हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये प्रावधान वास्तव में गिग-वर्कर्स के जीवन में ठोस बदलाव ला पाएँगे? या फिर ये केवल काग़ज़ी सुधार बनकर रह जाएँगे? जब तक न्यूनतम आय, कार्य-घंटों की सीमा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा और शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित नहीं होती, तब तक इन सुधारों को परिवर्तनकारी नहीं कहा जा सकता। 31 दिसंबर की हड़ताल भले ही पूरी तरह सफल न रही हो, लेकिन वह नैतिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह जायज़ थी। यह हड़ताल व्यवस्था को बाधित करने से अधिक, व्यवस्था के भीतर छिपे अन्याय, शोषण की वृत्ति एवं दोगलेपन को उजागर करने का प्रयास थी। गिग-वर्कर्स ने यह संदेश दिया कि वे केवल 'डिलीवरी बॉय' नहीं, बल्कि श्रमशील नागरिक हैं, जिनके अधिकारों की अनदेखी अब और नहीं की जा सकती। निश्चित ही डिजिटल अर्थव्यवस्था का भविष्य गिग-वर्कर्स के बिना संभव नहीं है। इसलिए यह ज़रूरी है कि नीति-निर्माता, कंपनियाँ और उपभोक्ता-तीनों अपनी भूमिका पर आत्ममंथन करें। कंपनियों को लाभ के साथ जिम्मेदारी भी स्वीकार करनी होगी, सरकार को कानूनों का सख्त क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा और उपभोक्ताओं को सुविधा के साथ संवेदनशीलता भी अपनानी होगी। यदि हम गिग-वर्कर्स को केवल सुविधा का साधन मानते रहे और उन्हें सम्मान, सुरक्षा व स्थायित्व नहीं दिया, तो यह केवल श्रमिकों का नहीं, बल्कि हमारी विकास-कल्पना का भी संकट होगा। विकसित भारत, उन्नत भारत एवं समृद्ध भारत के नाम पर एक बदनुमा दाग होगा। डिजिटल भारत की असली परीक्षा यही है कि वह अपने सबसे तेज़ दौड़ने वाले श्रमिकों को कितना सुरक्षित और सम्मानित जीवन दे पाता है।

## आज का राशिफल

### मेष
परिजनों के साथ कोई विवाद हो सकता है। आपका आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। दिन की शुरुआत में स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी रचनात्मकता से आप कठिन काम भी आसानी से बना पाएंगे।

### वृष
गृहस्थ जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। किसी छोटी यात्रा का आयोजन कर पाएंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से शुभ समाचार मिलेंगे। परिश्रम की अपेक्षा फल कम मिलेगा।

### मिथुन
आज नए काम का आरंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से आलस्य और मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। यात्रा आज लाभदायी नहीं है, परंतु दोपहर के बाद आपको कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। धार्मिक काम होंगे।

### कर्क
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज का दिन आनंदपूर्वक गुजरेगा। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। परिजनों तथा मित्रों के साथ अच्छे पलों को गुजारेंगे। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है।

### सिंह
आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी किसी से मतभेद रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद आप सभी कामों में अनुकूलता का अनुभव करेंगे।

### कन्या
विदेश जाने के इच्छुक लोग आज सकारात्मक प्रयास कर सकते हैं। दोपहर के बाद नया काम या टारगेट मिल सकता है। कोई अधूरा काम आज पूरा हो सकेगा। व्यापार में बढ़ोतरी की संभावना हैं। गृहस्थ जीवन में मधुरता छाई रहेगी।

### तुला
कार्यालय या व्यवसाय में काम अधूरा रहने से मन निराश रहेगा। यात्रा में विघ्न आ सकता है। आध्यात्मिकता और ईश्वर भक्ति से मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि आप के काम योजनानुसार पूरे होंगे। अधूरे काम पूरे होंगे। धन लाभ की संभावना है।

### वृश्चिक
दिन की शुरुआत में आप थोड़े कन्फ्यूज रहेंगे। आज आप अपना जिद्दी व्यवहार छोड़ दें। वाणी मधुर बनाए रखें, इससे कोई भी काम आसानी से बना पाएंगे, हालांकि किसी तरह के नए काम आज शुरू ना करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### धनु
संतान की ओर से भी अच्छे समाचार मिलेंगे। किसी मीटिंग के लिए छोटी यात्रा हो सकती है। नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकुल है। आज आप कुछ धार्मिक बने रहेंगे। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर काम का भार अधिक रहेगा।

### मकर
आपको काम पूरा होने का उत्साह बना रहेगा। परिवार का वातावरण भी परिवर्तित होगा। आर्थिक लाभ की भी संभावना है। आज का दिन पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभ का अवसर लाया है। किसी प्रिय पात्र से मुलाकात होगी।

### कुंभ
परिजनों के साथ सम्बंध मधुर होंगे। हेल्थ आज अच्छी रहेगी। हालांकि बाहर खाने-पीने से बचें। दोपहर के बाद अधूरे काम पूरे हो सकते हैं। अस्वस्थ व्यक्तियों को स्वास्थ्य लाभ होगा। आर्थिक लाभ की पूरी संभावना है। काम का उत्साह बना रहेगा।

### मीन
किसी प्रिय मित्र या रिश्तेदार से बातचीत करके मन प्रसन्न रहेगा। व्यापार में आर्थिक लाभ होगा। सुबह के समय आप शारीरिक रूप से स्वस्थ और मन से खुश रहेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

## स्वास्थ्य समाचार

# बालों पर लगाएं सरसों तेल और अंडे से बना हेयर मास्क, मुलायम और खूबसूरत बनेंगे

क्या आप लंबे, मजबूत और घने बाल चाहते हैं? क्या आप अपने बालों की ग्रोथ बढ़ाना चाहते हैं? अधिकतर लोग खूबसूरत, मजबूत और काले बालों की चाहत रखते हैं। कुछ लोगों के बाल पहले से ही खूबसूरत होते हैं, तो कुछ लोग बालों पर तरह-तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप नैचुरल तरीके से बालों को खूबसूरत बनाना चाहते हैं, तो सरसों के तेल और अंडे का उपयोग कर सकते हैं। सरसों के तेल और अंडे का कॉम्बिनेशन बालों को खूबसूरत, मुलायम बनाने में मदद कर सकता है। आपको बता दें कि सरसों का तेल पोषक तत्वों से भरपूर होता है। ये पोषक तत्व सिर्फ सेहत के लिए नहीं बल्कि बालों के लिए भी काफी फायदेमंद होते हैं। सरसों का तेल लगाने से डैंड्रफ से छुटकारा मिल सकता है। बालों की ग्रोथ होती है और बाल चमकदार बनते हैं। इसके साथ ही अंडे का उपयोग भी बालों को खूबसूरत बनाने के लिए किया जा सकता है। अंडा बालों को चमकदार बनाने में मदद करता है। साथ ही बालों और स्कैल्प से जुड़ी समस्याओं को भी दूर करने में सहायक होते हैं।



**बालों को सफेद होने से रोके :** उम्र बढ़ने पर बालों का सफेद होना बेहद सामान्य है। लेकिन कई लोगों को उम्र पहले ही बालों के झड़ने की समस्या का सामना करना पड़ता है। लेकिन आप अपने बालों को सफेद होने से रोक सकते हैं। बालों पर सरसों का तेल और अंडा हेयर मास्क लगाने से बालों को सपेद होने से रोकने में मदद मिल सकती है। बालों को काला बनाए रखने के लिए आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क को सप्ताह में 2-3 बार लगा सकते हैं।

**डैंड्रफ से छुटकारा दिलाए :** अगर आपके स्कैल्प या सिर पर डैंड्रफ है, तो भी आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए आप सरसों के तेल में अंडा, एलोवेरा जेल और हंग कर्ड डालें। अब इस पेस्ट को अपने बालों और स्कैल्प पर अच्छी तरह से लगा लें। आधे घंटे बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। सप्ताह में 2-3 बार सरसों का तेल और अंडे को बालों पर लगाने से डैंड्रफ से काफी हद तक छुटकारा मिल सकता है।

**बालों की ग्रोथ करे :** अगर आपके बाल छोटे हैं और बालों की ग्रोथ करना चाहते हैं, तो आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क को अप्लाई कर सकते हैं। बालों की जड़ों पर सरसों के तेल और अंडा पेस्ट को लगाने से बालों को लंबा किया जा सकता है। दरअसल, सरसों का तेल और अंडा स्कैल्प पर ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाते हैं। ऐसे में बालों के विकास को बढ़ावा मिलता है।

**हेयर फॉल रोके :** अगर आपके बाल झड़ रहे हैं, तो आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क लगा सकते हैं। सरसों का तेल और अंडा हेयर फॉल को रोकने में मदद कर सकते हैं। दरअसल, अंडे में प्रोटीन होता है। ऐसे में अंडा बालों को मजबूत बनाता है, बालों को पोषण प्रदान करता है। इससे बालों के झड़ने की समस्या दूर हो सकती है।

**बालों को कंडीशन करे :** अगर आपके बाल रूखे, बेजान और फ्रिजी है, तो आप सरसों के तेल और अंडा हेयर मास्क अप्लाई कर सकते हैं। साथ ही सरसों का तेल बालों को हाइड्रेट करता है। अगर आप सप्ताह में 2-3 बार सरसों का तेल और अंडा हेयर मास्क लगाएंगे, तो इससे बाल कंडीशन होते हैं।

# हेल्थ और ब्यूटी के लिए रामबाण है अमरूद

सर्दियों के मौसम में आने वाला फल अमरूद स्वाद में लाजवाब होता है। इस ट्रॉपिकल फल को अधिकतर लोग खाना पसंद करते हैं।



### 3 दोषों को करते हैं संतुलित

अमरूद प्रकृति में ठंडे होते हैं और स्वाद में कसैले, मीठे और खट्टे होते हैं। इसी के साथ ये 3 दोषों- वात, पित्त और कफ को संतुलित करते हैं। अमरूद डायट्री फाइबर, विटामिन ए, सी, फोलिक एसिड, मिनरल्स, पोटेशियम, कॉपर, मैंगनीज से भरपूर होते हैं। अमरूद में कैरोटेनॉयड्स और पॉलीफेनोल्स दोनों होते हैं जो उन्हें एंटी-एजिंग और एंटी-कैंसर गुणों के साथ त्वचा और बालों के लिए सबसे अच्छा बनाते हैं।

### फल के पत्ते और छाल के भी हैं फायदे

अमरूद फल, पत्ते और छाल सभी भाग औषधि के रूप में इस्तेमाल होते हैं। ये एसिडिटी, पीरियड्स में ऐंठन, मुंह के छाले, माइग्रेन सिरदर्द से राहत दिलाता है।

### कैसे इस्तेमाल करें अमरूद

**अमरूद पत्तों से काढ़ा :** मासिक धर्म की ऐंठन, अम्लता, डायबिटीज और बालों को हेल्दी रखने के लिए आप काढ़ा बना सकते है। इसे बनाने के लिए 4 कप पानी में 7 से 10 पत्ते उबालें। फिर इसे जब तक उबालें जब तक की यह आधा न रह जाए। फिर इसे खाली पेट दिन में 1-2 बार पीएं।

### काढ़े के फायदे

- इस काढ़े से गरारे करने से मुंह के छाले खत्म होते हैं। इसी के साथ मसूड़ों से खून आना बंद हो जाता है और ये मुंह के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मिलती है।
- इस काढ़े से अपने बालों को धोने से बालों का झड़ना रोकने में मदद मिलती है। इसी के साथ हेल्दी बालों के ग्रोथ को बढ़ावा मिलता है।

**अमरूद पत्तों का पेस्ट :** अमरूद के ताजे पत्तों का पेस्ट सूजन, बुखार, सिरदर्द और जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने में मदद करता है।

**अमरूद का फल के तौर पर खाएं :** अपनी भूख के अनुसार 1-2 अमरूद एक दिन में खाए जा सकते हैं।

# मेंटल हेल्थ को इन तरीकों से लाभ पहुंचाती है रीडिंग हैबिट

ऐसा कहा जाता है कि हर व्यक्ति को पढ़ने की आदत होनी चाहिए। यहां तक कि पैरेंट्स बच्चों को बचपन से ही कहानियां पढ़कर सुनाते हैं और उनकी किताबों से दोस्ती करवाते हैं। लेकिन पढ़ना सिर्फ बच्चों को ही नहीं, बल्कि बड़ों को भी लाभ पहुंचाता है। यह तो हम सभी जानते हैं कि किताबें पढ़ने की आदत से व्यक्ति का ज्ञान बढ़ता है। साथ ही साथ, यह व्यक्ति की मेंटल हेल्थ के लिए बेहद लाभदायी है। चाहे आप तनाव में हों या फिर खुद को अधिक आशावादी बनाना चाहती हों, आपको पढ़ने की आदत को अपनाना चाहिए।

**तनाव होता है छूमंतर :** जो लोग नियमित रूप से पढ़ते हैं, उनमें अपेक्षाकृत तनाव का स्तर काफी होता है। दरअसल, जब आप किसी किताब या कहानी को पढ़ते हैं। तो आप उसी कहानी में खो जाते हैं और कहीं ना कहीं खुद को भी उस कहानी से जुड़ा हुआ पाते हैं। जिसके कारण कुछ वक्त के लिए आप अपनी परेशानियों व समस्याओं को भूल जाते हैं। ऐसे में आपका तनाव कम होता है। इतना ही नहीं, पढ़ने के बाद व्यक्ति अपनी कल्पनाओं में उस कहानी या कथा में कहीं ना कहीं विचरता है, जिससे उसका स्ट्रेस लेवल काफी कम हो जाता है।

**जीवन को देखने का बदलता है नजरिया :** पढ़ने की आदत का एक सबसे अच्छा फायदा यह है कि यह आपके जीवन के देखने के नजरिए को बदलता है और इससे आपकी मेंटल हेल्थ पर पॉजिटिव असर पड़ता है। अधिकतर लोगों के दुख व तनाव का मुख्य कारण उनकी सोच ही होती है। जो लोग हमेशा अपने जीवन में नेगेटिविटी देखते हैं, वे मानसिक तौर पर काफी परेशान रहते हैं। लेकिन वहीं अगर आप इंस्पिरेशनल स्टोरीज पढ़ते हैं तो आपको यह समझ में आता है कि हर अंधकार के बाद एक उजाला अवश्य होता है। इस तरह पढ़ने की आदत से व्यक्ति का दृष्टिकोण अधिक आशावादी बनता है, जिसके कारण उसकी मेंटल हेल्थ पर सकारात्मक असर पड़ता है।

**सोच का बढ़ता है दायरा :** पढ़ने की आदत आपकी सोच का भी दायरा बढ़ाती है। अमूमन लोग अपने जीवन में किसी परिस्थिति या परेशानी के आने पर विचलित हो जाते हैं और मानसिक रूप से परेशान रहने लगते हैं। लेकिन जिन लोगों को पढ़ने की आदत होती है, वे मानसिक रूप से अधिक स्टेबल होते हैं। दरअसल, पढ़ने के कारण उनका ज्ञान काफी अधिक होता है। ऐसे में वह परिस्थिति का आंकलन अधिक बेहतर तरीके से कर पाते हैं, क्योंकि रीडिंग हैबिट के कारण उनकी सोच का दायरा बढ़ जाता है। उनकी सिचुएशन से मिलती-जुलती सिचुएशन और उससे निकलने के हल के बारे में उन्होंने कहीं ना कहीं पढ़ा होता है। जिससे वह तनावग्रस्त होने के स्थान पर मेंटली रिलैक्स हो जाते हैं।

**बेहतर रिलैक्सिंग तकनीक :** बेहतर मेंटल हेल्थ के लिए प्रतिदिन कुछ समय रिलैक्स करना आवश्यक होता है। अक्सर लोग मोबाइल या टीवी को रिलैक्सिंग तकनीक के रूप में अपनाते हैं, लेकिन अतिरिक्त स्क्रीन टाइम आपकी आंखों व मेंटल हेल्थ को नुकसान पहुंचा सकता है।

# शहर में नहीं बिकेगा प्लास्टिक धागा

## व्यापारियों को एसडीएम ने दिए सख्त निर्देश



निसं

चिड़ावा (नवयत्न)। उपखंड कार्यालय में सोमवार को एसडीएम नरेश सोनी की अध्यक्षता में पतंगबाजी में प्लास्टिक धागा इस्तेमाल रोकथाम को लेकर नगरपालिका क्षेत्र की एक बैठक हुई। बैठक में मौजूद दुकानदारों को एसडीएम ने बात करते हुए प्लास्टिक की डोर से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए प्लास्टिक डोर बिक्री ना करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने शहरवासियों के हितों को देखते हुए सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में एसडीएम ने नगरपालिका ईओ सुनील कुमार सैनी और दीपक जांगिड़ को आदेशों की सख्ती से पालना करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानों की आकस्मिक जांच करवाएं और दोषी मिलने पर दुकानदारों व खरीददारी करने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई करें और सामान जब्त करें। बैठक में सुरेश डालमिया, संजय गुप्ता, प्रमोद चौधरी, नितिन अग्रवाल, अजय शर्मा, सूर्यकांत, सुनील कुमार, संजय गुप्ता, सिकंदर खान आदि दुकानदार और कार्मिक और अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विराट पथ संचलन 11 जनवरी को

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से 11 जनवरी को विराट पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा। संघ की शक्ति और अनुशासन के प्रतीक इस आयोजन को लेकर स्वयंसेवकों द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य योजना तैयार की जा रही है। जानकारी के अनुसार इस पथ संचलन का आगाज शहर के स्टेशन रोड स्थित डालमिया खेलकूद मैदान से होगा। संचलन शुरू होने से पहले मैदान में संघ के रीति-नीति के अनुसार पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों द्वारा बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके पश्चात कदम से कदम मिलाते हुए स्वयंसेवक बैंड की धुन पर शहर के मुख्य मार्गों की ओर प्रस्थान करेंगे।

### शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरेगा कारवां

यह पथ संचलन डालमिया मैदान से रवाना होकर शहर के विभिन्न व्यस्ततम मार्गों और प्रमुख बाजारों से होकर गुजरेगा। इस दौरान अनुशासन और एकता का दृश्य देखने को मिलेगा। संघ के पदाधिकारियों द्वारा रूट मैप को अंतिम रूप दिया जा रहा है ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रहे और अधिक से अधिक लोग इस दृश्य के साक्षी बन सकें।

### जगह-जगह होगा स्वागत

संचलन को लेकर शहरवासियों में भी उत्साह देखा जा रहा है। विभिन्न व्यापारिक मंडलों और दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों के बाहर से पुष्प वर्षा की जाएगी। शहर के विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भी संचलन के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। नागरिकों द्वारा जगह-जगह स्वागत द्वार लगाकर और भारत माता के जयघोष के साथ स्वयंसेवकों का उत्साहवर्द्धन किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थानीय पदाधिकारियों का कहना है कि पथ संचलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकत, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग टोलियां बनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# विधायक गोदारा का कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ रोड रतनगढ़ रेलवे पुलिया के पास स्थित नटखट बालाजी मंदिर में विधायक पूसाराम गोदारा का जन्मदिवस प्रदेश महासचिव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के रामवीर सिंह राईका के नेतृत्व में हनुमान चालीसा का पाठ कर कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। राईका ने विधायक पूसाराम गोदारा को विकास का पर्याय बताते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि आम जन का कल्याण हो कैसे हो यह उनका मुख्य उद्देश्य रहता है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता संदीप सिंह भोजासर, सुभाष धत्तरवाल, भेरू सिंह भोजासर, अजीत कड़वासरा, सतपाल श्योराण, विक्रम सिंह नोसरिया, जीतू सिंह भोजासर, गजेंद्र सिंह भोजासर, शंकर सैनी, रवि महला, कमलेश प्रजापत, नरेश चौधरी, मुकेश सारण, देवकीनंदन माहिच, महेंद्र सिंह भोजासर, संदीप रतनसरा, सुभाष प्रजापत, जितेंद्र नैण, मनोज गोदारा, वासुदेव बुढ़ाढ़रा व हरिओम पारीक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रामकथा में दक्ष प्रजापति व शिव पार्वती विवाह का वर्णन किया

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** सौन्थलिया गेस्ट हाउस जाखल में चल रही रामकथा के दूसरे दिन पंडित दिनेशानन्द ने नारद मुनि के मोह को भंग किया तथा नारद द्वारा भगवान विष्णु को पृथ्वी पर मानव रूप में जन्म लेने का श्राप दिया। कथा के दौरान भगवान विष्णु की झांकी भी सजाई गई। आज के मुख्य यजमान सुरेन्द्र कुमार पारीक दम्पति रहे। इस दौरान महावीर सिंह, बंकट सिंह, सुरेंद्र सिंह, मन्नालाल, हिम्मत सिंह, बाबूलाल गोयल, शिवचन्द मीणा, प्रताप सिंह मूंड आदि मौजूद रहे। कथावाचक दिनेशानन्द ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को उपस्थित होने को कहा है।



# पतंजलि योग पीठ के स्थापना दिवस पर यज्ञ में दी आहुतियां

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पतंजलि योग पीठ एवं भारत स्वाभिमान का स्थापना दिवस बाइपास रोड स्थित आरकीव मैरिज गार्डन में मनाया गया। बीएसटी संयोजक बृजमोहन मील ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष पर पतंजलि प्रभारी रामावतार यादव की यजमानी में यज्ञ किया गया। जिसमें संगठन पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व योग साधकों ने आहुतियां दी। संगठन संरक्षक केशर देव ने कहा कि पतंजलि योग पीठ के माध्यम से स्वामी रामदेव महाराज ने योग आयर्वेद को हरिद्वार से लेकर हर द्वार तक पहुंचाने का काम किया है। कोषाध्यक्ष रामकुमार सिंह ने संगठन गतिविधियों की जानकारी दी। सोशल मीडिया प्रभारी सुनील जांगिड़ ने योग कक्षाओं के विस्तार की बात कही। युवा प्रभारी विकास शर्मा, सचिव महावीर जांगिड़ व सीएल सैनी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में रामावतार यादव ने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संकल्प करवाया। इस अवसर पर वासुदेव शर्मा, अभिषेक पारीक, जयसिंह जांगिड़, राकेश कुमार, मनीष यादव, पवन कुमार यादव, कैलाश रॉयल, हरलाल सिंह यादव, जयपाल पारीक, दिलीप सैनी सहित संगठन सदस्य उपस्थित रहे।

# भाजपा के दस पार्षदों ने शुरू किया नगरपरिषद के सामने धरना



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय के बाहर भाजपा के अनेक पार्षदों ने विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते हुए नगरपरिषद पर धरना शुरू कर दिया। धरने पर भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर, पार्षद हरिओम खोड, प्रेम स्वामी, रेवंतमल पंवार, पंकज घासोलिया, पार्षद गौरव इंदोरिया, नरेंद्र प्रजापत, राकेश प्रजापत, गणेश मंडावरिया, पन्नालाल सोनी, रविन्द्र पाण्डे आदि बैठे और पहले ही दिन नगरपरिषद के खिलाफनारेबाजी की। भाजपा के करीब दस पार्षदों ने धरनास्थल से एक स्वर में अपनी मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। धरनार्थियों ने बताया कि भाजपा वार्डों में विकास कार्यों टेंडर सभापति ने रोक रखे हैं, जिनको खोलने की मांग है। इसी प्रकार कनिष्ठ अभियंता के ट्रांसफर, सिवरेज की सम्पूर्ण जांच, अमृत योजना में हुए कार्यों की जांच की मांग की गई है। धरने पर स्थानीय भाजपा मंडल के महामंत्री प्रकाश भार्गव, एडवोकेट प्रियांशु लड़ा, गंगाधर लाखन, भंवरलाल बिजारणियां, पुसादास स्वामी, सांवरमल हाकला, सूरज तेजस्वी, प्रदेश सियोता, बृजेश शर्मा, तुषार शर्मा, एडवोकेट मनीष गोठडिया, जगदीश जांगिड़ आदि लोगों ने भी शिरकत की। आपको बता दें कि सुजानगढ़ में सभापति कांग्रेस का है।

# नववर्ष में नए उत्साह के साथ अध्ययन करें : मनीष अग्रवाल

सुरेन्द्र शर्मा

झुन्झुनू (नवयत्न)। शहर के गौरव पथ पर स्थित एस एस मोदी विद्या विहार में शीतकालीन अवकाश के बाद विद्यालय खुलने पर एक खास प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल ने नववर्ष की शुभकामना देते हुए बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एक नई ऊर्जाए उत्साह के साथ विद्यालय में पुनः स्वागत है। अपने शिक्षको के मार्गदर्शन को सही समझे और अपने लक्ष्य पर नजर बनाए रखें। अब समय है पूरी लगन, अनुशासन और मेहनत के साथ अध्ययन में जुटने का। जीवन में सफलता पाने के लिए मन लगाकर पढ़ना पड़ेगा तभी एक सफल व्यक्तित्व बन पाओगे। वेनेजुएला देश का उदाहरण देते हुए उन्होंने बच्चों को बताया कि जिस देश में प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है फिर भी यह देश आज आर्थिक संकट से गुजर रहा है।

इस देश को दुनिया के सबसे तेल समृद्ध देशों में गिना जाता है। अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति की कमी से वह दुनिया का शक्तिशाली देश नहीं बन सका। उसके राष्ट्रपति को एक अपराधी की भांति बंदी बना लिया गया है। इसलिए हम सबके लिए यह जरूरी है कि अपने आसपास के माहौल से सबक लें और अच्छे से पढ़ाई करें, ज्ञान में वृद्धि करें।

नव वर्ष में नए उत्साह के साथ अध्ययन करें और अच्छे नागरिक बने। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामना दी और टीम भावना के साथ कार्य करने की शपथ ली। मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकान्त मोदी, गीलुराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी व कनिका मोदी ने नव वर्ष का बधाई संदेश प्रेषित किया।

# पीएम मोदी का ब्लॉग : 1000 साल बाद भी अडिग खड़ा है सोमनाथ; विध्वंस नहीं, पुनरुत्थान की गाथा

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने ब्लॉग में सोमनाथ मंदिर के विध्वंस और पुनरुत्थान की अद्भुत कहानी को स्मरण किया है, जो भारत की सभ्यतागत चेतना को परिभाषित करती है। वर्ष 1026 ईस्वी में, आज से ठीक एक हजार साल पहले, सोमनाथ का पहला विध्वंस हुआ था। लेकिन सहस्र वर्षों बाद आज भी सोमनाथ मंदिर अभूतपूर्व गौरव के साथ खड़ा है और यह सन्देश देता है कि आस्था को न तो मिटाया जा सकता है और न ही झुकाया जा सकता है। 'सोमनाथ' शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है

पीएम मोदी ने अपने ब्लॉग में लिखा है कि 'सोमनाथ' शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता हैज्सौराष्ट्रे सोमनाथं चज्यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है।

### सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है

शास्त्रों में ये भी कहा गया है कि सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण



के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है।

### 2026 सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का वर्ष

पीएम मोदी ने आगे लिखा, साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनर्निर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे।

### आज से लगभग एक हजार वर्ष पहले, सोमनाथ मंदिर पर पहला आक्रमण हुआ

पीएम मोदी ने पोस्ट में कहा कि सन् 1026 में, आज से लगभग एक हजार वर्ष पहले, सोमनाथ मंदिर पर पहला आक्रमण हुआ। उस समय के अत्याचार का उल्लेख कई ऐतिहासिक ग्रंथों में मिलता है। इन्हें पढ़कर मन दुख से भर उठता है। हर जगह हिंसा और पीड़ा की छाप दिखाई देती है, जिसका दर्द आज भी महसूस किया जा सकता है। उस दौर में इस घटना का भारत और यहां के लोगों के मनोबल पर गहरा असर पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर केवल एक पूजा स्थल नहीं था, बल्कि उसका आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व बहुत बड़ा था। वह लोगों को जोड़ता था और एक समृद्ध समाज का प्रतीक था। समुद्री व्यापारी इसकी समृद्धि की कहानियां दूर-दूर तक ले जाते थे। इतने हमलों और लंबे गुलामी काल के बावजूद सोमनाथ की कहानी केवल विनाश की नहीं है।

# डायरेक्ट एजेंट हेतु साक्षात्कार 28 जनवरी को

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** डाकघर अधीक्षक, चूरू द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के डायरेक्ट एजेंट नियुक्त किए जाने हेतु कमीशन आधारित एजेंट का कार्य करने के इच्छुक आवेदक 28 जनवरी, 2026 को सवेरे 11 बजे तक कार्यालय अधीक्षक डाकघर, चूरू (मुख्य डाकघर परिसर, चूरू) में साक्षात्कार हेतु अपने बायोडाटा, उम्र एवं शिक्षा सम्बंधी दस्तावेज एवं अनुभव आदि दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। डाकघर अधीक्षक ने बताया कि आवेदन के लिए आयु 18 से 50 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास होना अनिवार्य है। आवेदक बेरोजगार/स्वरोजगार, युवा, पूर्व बीमा सलाहकार, पूर्व बीमा अभिकर्ता, भूतपूर्व सैनिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला मण्डल कार्यकर्ता, सेवानिवृत अध्यापक एवं वह व्यक्ति जिसे डाकघर अधीक्षक द्वारा योग्य समझा जाए आदि श्रेणियां निर्धारित हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आवेदक को साक्षात्कार में दिए गए समय व तारीख को आवेदन फॉर्म व आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। इसी के साथ 5000 रुपए की सुरक्षा राशि एनएससी/केवीपी के रूप में भारत के राष्ट्रपति के नाम सुरक्षित रखनी होगी। चयनित अभ्यर्थियों को 03 दिवस की इन हाउस ट्रेनिंग व 03 दिवस की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें उपस्थिति अनिवार्य होगी। 6 दिवस की ट्रेनिंग के पूर्ण होने के पश्चात 03 वर्ष के भीतर लाइसेंसियेट परीक्षा पास करना अनिवार्य होगा।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 250 लोगों की हुई जांच



निसं

**मंडावा ( नवयत्न )।** वार्ड 21 स्थित पारदर्शी शिव मंदिर के पास पुरुषोत्तम वाटिका में रविवार को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 250 लोगों की आंखों की जांच की गई। शिविर का छोटे नाथ जी की मंडी धाम के महंत नवीन नाथ महाराज के सानिध्य में आयोजन किया गया इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सजनलाल मिश्रा रहे। उन्होंने कहा कि आंखें इंसान का सच्चा आईना होती हैं, इनकी देखभाल जरूरी है। प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नंदकिशोर टीबडा सीकर व उनकी टीम ने जांच की। आयोजक उमेश मिश्रा ने बताया कि ऐसे कैंपों से ग्रामीणों को नि:शुल्क जांच व उपचार की सुविधा गांव में ही मिल जाती है, जिससे दूर जाने की परेशानी नहीं रहती। इस दौरान शिविर में जरूरतमंदों को दवाइयां व चश्मे वितरित किए। शिविर में पालिका अध्यक्ष नरेश कुमार सोनी, सत्य देव मिश्रा, पूनम मिश्रा, ज्योति, शकुंतला, अंकित, दिनेश मिश्रा, कमलेश मिश्रा, मधु खेमानी, अजय मिश्रा, शरद मिश्रा, श्यामसुंदर, अनुप शर्मा, रवि मिश्रा, संदीप शर्मा, पवन शर्मा, सुभाष पांडे और सुरेंद्र पाल, सुरेंद्र सुरोलिया, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा द्वीप कर किया गया। आभार रवि मिश्रा ने जताया।

# अणुव्रती कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाएगी योगक्षेम संगठन यात्रा : संयमश्री



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अणुविभा सोसायटी के निर्देशन में संचालित योगक्षेम संगठन यात्रा से अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के मनोबल में अभिवृद्धि होगी तथा अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से मानवीय मूल्यों की स्थापना के कार्य को गति मिलेगी। ये विचार शासनश्री साध्वी संयमश्री ने स्थानीय आदिनाथ जैन भवन में अणुविभा व अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों को मंगल आशीर्वाद देते हुए व्यक्त किए। साध्वीश्री प्रांजल प्रभा ने यात्रा कार्यक्रम को प्रेरणादाई बताया। संगठन यात्रा के सार्वजनिक कार्यक्रम के पश्चात् देर शाम अणुविभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. कुसुम लूनिया, बीकानेर संभाग के राज्य प्रभारी अशोक चोरड़िया, अणुव्रत प्रकाशन के राष्ट्रीय संयोजक विनोद बच्छावत, पर्यावरण प्रकल्प की राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नीलम जैन के साथ अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों ने साध्वीश्री जी एवं विराजित चारित्रात्माओं के दर्शन कर यात्रा कार्यक्रम व उपलब्धियों की जानकारी दी तथा ईको फ्रेंडली बैग और अणुव्रत पत्रिका की प्रति भेंट की। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने आभार प्रकट करते हुए यात्रियों को गंतव्य के लिए विदा किया। इस अवसर पर जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़, अणुव्रत समिति, रतनगढ़ के मंत्री नरेंद्र स्वामी और कोषाध्यक्ष राजकुमार बैद उपस्थित थे।

# तिरडिया के जनहित आयोजन में उमड़ी संगत




मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** भीम सेना के संस्थापक व कांग्रेस के एससी विभाग के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अनिल तिड़दिया के जन्मदिवस के अवसर पर सोमवार को प्रधान जी के जाव पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में उपस्थित लोगों ने न केवल तिड़दिया जी को जन्मदिवस की बधाई दीए बल्कि रक्तदान के पुण्य कार्य में भी सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं व स्थानीय नागरिकों ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए रक्तदान कर जीवनरक्षण का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के सामाजिक आयोजनों से जन्मदिन का महत्व और बढ़ जाता है तथा समुदाय में सेवा-भावना को प्रोत्साहन मिलता है। एडवोकेट तिड़दिया ने शिविर के सफल आयोजन पर सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया गया।

# सिकंदर ने चीन की महान दीवार से की थी बुंदेलखंड के कालिंजर किले की तुलना, विंध्य पर्वत की बढ़ाता है शोभा



अगर आप भारत के शानदार इतिहास से रूबरू होना चाहते हैं, तो यहां मौजूद किलों की सैर का प्लान बनाएं। राजस्थान से लेकर महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हैदराबाद, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली में ऐसे कई किले हैं, जो अपनी शानदार बनावट के लिए दुनियाभर में मशहूर हैं। उनमें से ही एक है बुंदेलखंड स्थित कालिंजर किला। जिसे अजेय किले के रूप में जाना जाता है। ये किला 108 फीट लंबा है।

## कलिंजर फोर्ट का इतिहास

ऐसा माना जाता है कि इस किले का निर्माण 7वीं शताब्दी में हुआ था। यह किला जमीन से 800 फीट ऊपर पहाड़ी पर बना हुआ है। कालिंजर का मतलब होता है कल को जर्जर करने वाला। राजा केदार ने कालिंजर शहर की स्थापना की थी। उसके बाद 15वीं शताब्दी तक कालिंजर किले पर चंदेल शासकों का शासन किया। यह किले को खासतौर से युद्ध और आक्रमण के समय इस्तेमाल किया जाता था। महमूद गजनवी, शेरशाह सूरी, कुतुबुद्दीन ऐबक और हुमांयू ने इस किले पर कब्जा करने की बहुत कोशिशें की, लेकिन सब नाकामयाब रहें। कलिंजर किला पर कोई भी राजा ज्यादा समय तक राज नही कर पाया था।

## कालिंजर किले की वास्तुकला

कालिंजर किले की वास्तुकला अद्भुत है। किले और उसके अंदर बने भवनों और मंदिरों में बारीक नक्काशी की गई है। विंध्याचल की पहाड़ी पर करीब 800 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस किले को नीचे से देखने ये बहुत ही बड़े महल जैसा नजर आता है। ये मध्यकालीन भारत के खूबसूरत और शानदार किलों में से एक है। इस किले में आप गुप्त, पंचायतन नागर और प्रतिहार शैलियों का अद्भुत संगम देख सकते हैं। कालिंजर किले में प्रवेश के लिए सात दरवाजे थे। सिंह द्वार पहला और सबसे मुख्य द्वार है। इसके अलावा, गणेश द्वार, चंडी द्वार, स्वर्गारोहण द्वार या बुद्धगढ़ द्वार, हनुमान द्वार, लाल द्वार और नेमि द्वार से भी किले में प्रवेश किया जा सकता है।

## कालिंजर किले में देखने लायक जगहें

- कालिंजर किले जाएं, तो यहां नीलकंठ मंदिर के दर्शन जरूर करें। जिसे चंदेल शासक परमादित्य देव ने बनवाया था। इस मंदिर में नीले पत्थर का शिवलिंग विराजमान है।
- कालिंजर किले में मुगल बादशाह आलमगीर औरंगज़ेब द्वारा निर्मित आलमगीर दरवाजा, चौबुर्जी दरवाजा, बुद्ध भद्र दरवाजा और बारा दरवाजा देखने लायक जगहें हैं।
- सीता सेज गुफा, जिसे माता सीता का विश्राम स्थल कहा जाता है, इसमें पत्थर का पलंग और तकिया रखा हुआ है। पास में ही एक कुण्ड है, जो सीताकुण्ड कहलाता है। ये दोनों जगहें भी यहां आकर जरूर देखें।
- किले में बुड्ढा एवं बुड्ढी नामक दो ताल बने हुए हैं, जो अपने औषधीय गुणों से लिए मशहूर हैं। चंदेल राजा कीर्तिवर्मन का कुष्ठ रोग इसी ताल में स्नान करने से दूर हुआ था।
- कालिंजर किले में राजा और रानी महल नाम के दो बहुत ही शानदार महल हैं। जिसमें पाताल गंगा नामक जलाशय है। यहां के पांडव कुंड में चट्टानों से लगातार पानी की बूंद टपकती रहती है। ऐसा कहते हैं कि इसके नीचे से पाताल गंगा बहती है, जो इस कुंड को भरने का काम करती हैं।
- इसके अलावा कोटितीर्थ, शाही मस्जिद, वाऊचोप मकबरा, मृगधारा, भगवान सेज, पांडव कुंड, रामकटोरा ताल, मजार ताल, बेलाताल, सात हिरणों की मूर्तियां, भैरव की प्रतिमा, मंडूक भैरवी, चतुर्भुजी रुद्राणी भी देखने लायक हैं।

## कैसे पहुंचें?

इस किले को घूमने के लिए आपको बुंदेलखंड पहुंचना होगा। यहां से कालिंजर फोर्ट के लिए आसानी से लोकल बसें और टैक्सी मिल जाती हैं।

# जोधपुर का इतिहास बताते हैं ये किले ब्लू सिटी जाएं तो जरूर करें इनकी सैर

भारत अपनी विविधताओं के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। यहां कई खूबसूरत जगह और ऐतिहासिक इमारतें मौजूद हैं, जिसे देखने दूर-दूर से लोग हमारे यहां आते हैं। राजस्थान देश का ऐसा ही एक राज्य है, जो अपनी अनोखी परंपराओं और संस्कृति के लिए दुनियाभर में जाना जाता है। यहां की खूबसूरती से आकर्षित होकर दूर-दूर से लोग भारत खिंचे चले आते हैं। इस राज्य के हर एक शहर की अपनी अलग खासियत है। जोधपुर ऐसा ही एक शहर है, जिसे ब्लू सिटी के नाम से भी जाना जाता है। यह शहर एक समय मारवाड़ साम्राज्य की राजधानी हुआ करता था। वर्तमान में यह एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल और एक प्रमुख महानगर है। यहां कई हिंदू शासकों, विशेषकर राजपूतों ने शासन किया, जिसकी झलक आज भी इस शहर में देखने को मिलती है। यहां कई ऐसे किले मौजूद हैं, जो शहर की सांस्कृतिक विरासत और इतिहास को दर्शाता है।



## मेहरानगढ़ किला

जोधपुर स्थित मेहरानगढ़ किला इस शहर की शान है। लगभग 125 मीटर ऊंची पहाड़ी की चोटी पर स्थित यह किला करीब 500 साल पुराना है। इस किले को बनाने की शुरुआत 15वीं शताब्दी में राव जोधा ने की थी, लेकिन इसके निर्माण का कार्य महाराज जसवंत सिंह ने पूरा किया था। यह भारत के सबसे पुराने और विशाल किलों में से एक है। बेहद खूबसूरत इस किले की नक्काशी आपका मन मोह लेगी। इस किले के अंदर कई भव्य महल मौजूद हैं, जिनमें मोती महल, फूल महल, शीश महल, सिलेह खाना और दौलत खाना शामिल हैं।

## रोहितगढ़ किला

अगर आप जोधपुर घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो रोहितगढ़ किला जरूर जाए। शहर के ठीक बाहर स्थित यह किला अपनी खूबसूरती के साथ ही अपनी विरासत के लिए भी जाना जाता है। 16वीं शताब्दी से राठौड़ शाही परिवार का निवास रहा यह किला अब एक हेरिटेज होटल में तब्दील हो चुका है। थार रेगिस्तान के पास बने इस किले के पास एक छोटी झील भी है, जो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। यहां मौजूद रंग-बिरंगे फूल, पौधों और नाचते मोर आपका दिल जीत लेंगे।

## लूनी चानवा किला

आप जोधपुर में मौजूद इस किले का भी दीदार कर सकते हैं। वर्तमान में यह किला भी एक हेरिटेज होटल में बदल चुका है। हालांकि, इसकी खासियत यह है कि इस होटल के हर एक कोने पर आपको राजस्थानी राजघराने की झलक देखने को मिलेगी। आप यहां मौजूद कमरों की बालकनी से प्राचीन झील के मनमोहक दृश्य का आनंद ले सकते हैं।

## खेजर्ला किला

ब्लू सिटी में मौजूद खेजर्ला किला भी अपनी विरासत को समेटे हुए आपको राजस्थानी संस्कृति की झलक दिखाएगा। शहर के इस मशहूर किले का एक बड़ा हिस्सा अब एक हेरिटेज होटल में बदल दिया गया है, जहां आप अपनी ट्रिप के दौरान रुक भी सकते हैं। हालांकि, इस किले के कुछ हिस्से आज भी मूल रूप में ही हैं, जो आपको इतिहास में झांकने का मौका देंगे।



# अंडमान एंड निकोबार ट्रिप को बनाना है यादगार तो इन गलतियों को करने से जरूर बचें

**आज की तारीख में अगर कोई भारतीय समुद्री तट फेमस माना जा रहा है तो लक्षद्वीप और अंडमान एंड निकोबार का ही नाम लिया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से लक्षद्वीप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घूमने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप घूमने गए तब से मालदीव बनाम लक्षद्वीप या अंडमान एंड निकोबार में स्थित समुद्री तट का जिक्र हर तरफ देखा जा सकता है। ऐसे में कई लोग लक्षद्वीप के अलावा अंडमान एंड निकोबार में भी घूमने का प्लान बना रहे हैं। अगर आप भी आने वाले दिनों में अंडमान एंड निकोबार घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो वहां पहुंचने के बाद आपको भी इन गलतियों को करने से बचना चाहिए। इन गलतियों को इग्नोर करके आप शानदार तरीके से अंडमान एंड निकोबार में छुट्टियां बिता सकते हैं।**



## आदिवासियों से सतर्क करे

अंडमान एंड निकोबार में स्थित समुद्री तट सिर्फ भारतीय ही नहीं, बल्कि विदेशी सैलानियों के बीच भी फेमस है। यह समुद्री तट अपनी खूबसूरती के साथ-साथ आदिवासी समुदायों के लिए जाना जाता है। यहां कई जनजातीय समुदाय को देखा जा सकता है। अगर आप अंडमान एंड निकोबार घूमने जा रहे हैं, तो फिर आपको आदिवासियों के साथ छेड़छाड़ से बचना चाहिए। अगर उसके साथ आप छेड़छाड़ करते हैं, तो फाई आप मुसीबत में फंस सकते हैं। कहा जाता है कि उनके अनुमति के बिना उनकी तस्वीर लेना भी मुसीबत भरा काम हो सकता है। ऐसे में आपको आदिवासियों से सतर्क रहने की जरूरत है।

## प्रतिबंधित जगहों पर घूमने से बचें

अंडमान एंड निकोबार जिस तरह खूबसूरत और मनमोहक समुद्री तटों के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है, ठीक उसी तरह कुछ प्रतिबंधित जगहों पर देशी और विदेशी सैलानियों का जाना बिल्कुल माना है। कहा जाता है कि अंडमान एंड निकोबार में स्थित उत्तरी सेंटिनल द्वीप समूह को एक्सप्लोर करना किसी भी सैलानी के लिए प्रतिबंधित है। बिना अनुमति के यहां घूमना खतरे से खाली नहीं है। इस इलाके को आदिवासी जनजाति संरक्षण अधिनियम 1956 के अनुसार प्रतिबंधित है।






### बिना अनुमति वाटर स्पोर्ट्स करें

अंडमान एंड निकोबार अपनी खूबसूरती के साथ-साथ एक से एक बेहतरीन और मजेदार वाटर स्पोर्ट्स के लिए भी जाना जाता है। यहां कई सैलानी सिर्फ वाटर स्पोर्ट्स जैसे- स्कूबा डाइविंग, सर्फिंग, काइट सर्फिंग, फिशिंग, जेट स्काई और बोटिंग का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। अगर आप भी अंडमान एंड निकोबार में इन वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो फिर आपको स्थानीय अधिकारी की अनुमति या गाइड के बिना नहीं करना चाहिए। अगर आप ऐसी गलती करते हैं, तो फिर मुसीबत में फंस सकते हैं।

### नशीले पदार्थों को साथ में कैरी करने से बचें


यह कई बार देखा जाता है कि जब खाने-पीने वाला व्यक्ति किसी जगह घूमने के लिए जाता है, तो अपने साथ नशीले पदार्थ जैसे- दारू आदि चीजों के साथ में लेकर चलता है। अगर आप भी अंडमान एंड निकोबार की यात्रा में नशीले पदार्थ लेकर जाने की प्लानिंग करने रहे हैं, तो फिर आपको ऐसी गलती करने से बचना चाहिए। अंडमान के कई हिस्सों में नशीले पदार्थों का सेवन करना प्रतिबंधित है। अगर आप ऐसी गलती करते हैं, तो मुश्किल में फंस सकते हैं। जुर्माना भी लग सकता है।

### अंडमान एंड निकोबार ट्रिप में इन गलतियों को भी करने से बचें

- अंडमान में निकोबार में वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाते समय सावधानी बरतें।
- समुद्र में सीमा निर्धारित रेखा को पार करने की कोशिश का करें।
- अंडमान एंड निकोबार में स्थित किसी अंजान रिसॉर्ट में बिना अनुमति जाने की कोशिश न करें।

# उदयपुर के ये किले हैं 'सिटी ऑफ लेक' की शान, एक बार जरूर करें इनका दीदार

धरोहरों का देश भारत अपने समृद्ध इतिहास और संस्कृति के लिए जाना जाता है। यहां कई ऐसी ऐतिहासिक जगह मौजूद हैं, जिन्हें देखने दूर-दूर से लोग भारत आते हैं। पर्यटन के लिहाज से भारत दुनियाभर में काफी लोकप्रिय है। यही वजह है कि यहां की खूबसूरती और ऐतिहासिक धरोहरों को देखने के लिए देश ही नहीं, विदेश से भी लोग यहां भारी संख्या में आते हैं। राजस्थान भारत का एक ऐसी ही पर्यटन स्थल है, जो दुनियाभर के टूरिस्ट्स के बीच काफी मशहूर है। यह राज्य अपने कल्चर और खानपान के लिए काफी मशहूर है। उदयपुर इस राज्य का एक बेहद खूबसूरत और लोकप्रिय टूरिस्ट डेस्टिनेशन है। यहां हर साल भारी संख्या में लोग घूमने आते हैं। इसे झीलों का शहर यानी सिटी ऑफ लेक भी कहा जाता है। साथ ही यह एक पॉपुलर वेडिंग डेस्टिनेशन भी है। इन सबके अलावा यहां कई खूबसूरत किले भी मौजूद हैं। अगर आप भी किले घूमने के शौकीन हैं,तो उदयपुर में मौजूद इस जगहों का दीदार जरूर करें।



**उदयपुर का किला :** उदयपुर का किला, जिसे वर्तमान में सिटी पैलेस के नाम से जाना जाता है, देश का दूसरा सबसे बड़ा किला है। यह किला पिछोला झील के पूर्वी तट पर स्थित है, जिसे 16वीं शताब्दी में बनाया गया था। इस पैलेस में राजपूत और मुगल शैली की झलक देखने को मिलती है। यह देश ही नहीं विदेश में भी लोगों के बीच शादियों के लिए एक मशहूर वेडिंग डेस्टिनेशन है। साथ ही यहां कई बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग भी हो चुकी है।

**कुंभलगढ़ किला :** अगर आप उदयपुर घूमने आए हैं, तो कुंभलगढ़ किला जरूर जाएं। उदयपुर से 2 घंटे की दूरी पर स्थित यह किला भी यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल है। इस किले की विशाल दीवार की तुलना अक्सर चीन की महान दीवार से की जाती है। इस किले को मेवाड़ साम्राज्य के लिए एक रणनीतिक गढ़ के रूप में बनाया गया था। अपनी वास्तुशिल्प के लिए मशहूर यह किला पर्यटकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहता है।

**चित्तौड़गढ़ किला :** चित्तौड़गढ़ किला, एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है। यह भारत के सबसे बड़े और ऐतिहासिक किलों में से एक है। यह किला उदयपुर से लगभग 112 किलोमीटर दूर चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित यह स्थित है। यह किला मेवाड़ साम्राज्य की तत्कालीन राजधानी थी। 7वीं शताब्दी ईस्वी बनाया गया यह किला राजपूतों के अटूट गौरव और वीरता का प्रतीक है।

# पहाड़ों पर होटल लेने से पहले इन बातों का जरूर रखें ध्यान



शोर से बचकर शांति के पल बिताने हो या ट्रैकिंग करनी हो, लोगों की पहली पसंद पहाड़ होते हैं। खासतौर पर भारत में पहाड़ों की कमी नहीं है। लोग साल में कम से कम एक बार पहाड़ों में घूमने का प्लान बनाते ही हैं। ऐसे में हम आपके लिए लेकर आए हैं कुछ टिप्स, जो आपकी यात्रा को आसान बना सकते हैं। आइए जानते हैं पहाड़ों में होटल बुक करते वक्त किन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

### होटल की लोकेशन

पहाड़ों में हर चीज आसानी से उपलब्ध नहीं होती है। मार्केट्स भी बहुत दूर होती हैं। ऐसे में आपको होटल बुक करने से पहले जगह को ध्यान में रखना है। कोशिश करें कि आप मार्केट से पास वाला होटल लें। इसके साथ-साथ होटल दूर लेने पर आपका समय डेस्टिनेशन पर पहुंचने में भी निकल जाता है।

### होटल की फैसिलिटी

अगर आप पहाड़ों के किसी होटल में जाकर स्टेशन करना चाहते हैं, तो फैसिलिटी का ख्याल जरूर रखें। स्टेशन के लिए होटल बुक करने से पहले गेस्ट, रूम और खाने आदी से जुड़ी सारी जानकारी ले लें।

### कम खर्च में कैसे बुक करें होटल

होटल द्वारा बताए गए पैकेज को आप कम करवा सकते हैं। इससे आपका बिल कम होगा। बहुत बार लोग समझते हैं कि यह एक फिक्सड पैकेज है, जिसे कम नहीं करवाया जा सकता है। ऐसा सोचना गलत है।

### होटल का व्यू और सेफ्टी

पहाड़ों में जानवरों का आना आम है। आपको किसी भी जगह के बुक करने से पहले सेफ्टी को ध्यान में रखना है। साथ ही होटल के व्यू को भी नजरअंदाज ना करें। वहीं, अगर आप बहुत ज्यादा देर के लिए होटल में नहीं रहने वाले हैं, तो भी ज्यादा खर्च करने से बचे।

# घने कोहरे ने ली जिंदगी की रफ्तार, वाहनों को रेंगना पड़ा

## लोगों की मुश्किलें बढ़ीं, इस मौसम का सबसे तीव्र कोहरा

मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** शेखावाटी इलाके में सुबह से ही क्षेत्र कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया। सड़क पर चल रहे वाहन कुछ ही दूरी पर गायब हो जाते थे। वाहन चालकों के लिए हालात इतने खतरनाक थे कि उन्हें डिपर और हैडलाइट लगातार जलाकर ही आगे बढ़ना पड़ा। कोहरे का घनत्व इतना अधिक था कि छोटे वाहनों, बाइक और पैदल चलने वालों को सामने से आ रही गाड़ियों का अंदाज लगाकर ही मुश्किल से आगे बढ़ना संभव हो पा रहा था। कोहरे ने शहर की मुख्य सड़कें और आसपास के ग्रामीण मार्गों पर वाहनों को रेंगने पर मजबूर कर दिया। कई जगह वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

लोग सतर्कता बरतते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ते दिखे। सुबह 10 बजे तक कोहरे की तीव्रता अपने चरम पर रही, जिसके बाद ही थोड़ी राहत मिली। चारों ओर घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे दृश्यता 10 मीटर से भी कम रह गई है। तेज हवा के झोंकों ने ठंड का अहसास और बढ़ा दिया है, लोगों को सर्दी से बचने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ रही है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे घने कोहरे के चलते यात्रा के दौरान विशेष सावधानी बरतें, वाहन चलाते समय हेडलाइट्स का इस्तेमाल करें और गति सीमित रखें।

### ग्रामीण इलाकों में भी सन्नाटा

ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति कमोबेश ऐसी ही रही। खेत-खलिहानों, गलियों और सड़कों पर दूर तक कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। पैदल चलने वालों को रास्ते में सावधानी से कदम बढ़ाने पड़े, क्योंकि सामने से आ रहे वाहन कुछ फुट की दूरी पर ही दिखाई दे रहे थे। ठंड बढ़ने के साथ ही बाजारों में सुबह-सबेर सन्नाटा पसर गया। दुकानों का खुलना देर से शुरू हुआ।

### बच्चों और कर्मचारियों को परेशानी

स्कूल जाने वाले बच्चों और ऑफिस कर्मचारियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह बसें और निजी वाहन देर से रवाना हुए। लोगों ने बताया कि सुबह के समय यात्रा करना मुश्किल हो गया था।

### विशेषज्ञों की सलाह

विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि ऐसी स्थिति में लोग यात्रा करते समय अत्यधिक सावधानी बरतें, तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं, और केवल आवश्यक होने पर ही सुबह के समय बाहर निकलें। सीकर में आज का यह घना कोहरा इस सीजन का अब तक का सबसे तीव्र माना जा रहा है, जिसने पूरे इलाके में ठंड और कठिनाई का अहसास और बढ़ा दिया है।



## पोष बड़ा कार्यक्रम आयोजित



निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** पोष माह के शुभ अवसर पर महाराजा सूरजमल कॉलोनी के कार्यकर्ताओं ने इंजीनियर मनीष ढ़ाका की अगुवाई में महाराजा सूरजमल ग्रह संग्रह प्रतिष्ठान पर पोष बड़ों का आयोजन किया। इस धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में कॉलोनी के सभी गणमान्य व्यक्तियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दयाराम पूनिया, प्रधान अनूप सिंह शेरावत, सुरेंद्र सिंह झाझरिया, उमेश झाझरिया, ओम प्रकाश झाझरिया, संजय कुलहरी, महेंद्र कुल्हरी, हवा सिंह खरबास, सुरेश शेरावत, राजपाल फोगाट, सतीश पतंजलि, महेश खीचड़, राजेश, राजपाल, सांवरमल डूडी एवं शीशराम सहित अन्य सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह आयोजन पोष माह की धार्मिक मान्यताओं के अनुसार किया गया, जिसमें सामाजिक सद्भाव, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक एकता का संदेश प्रमुख रहा। आयोजन के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए आपसी सौहार्द और सामाजिक समरसता का परिचय दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर सभी कॉलोनीवासियों ने आपसी सहयोग और समर्पण की भावना को सराहा। इस पुनीत अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने समाज की प्रगति और सद्भावना के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की।

## बैठक आज

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** बहड़ सर्किल पर स्वर्णकार भवन में सेन, सोनी, सैनी व पारीक समाज सहित सभी सदस्य 6 जनवरी को स्वर्णकार भवन में होंगे एकत्र, जमीन के मुद्दे पर रणनीति तय करने को आमंत्रित सर्व समाज के सभी साथियों को सूचित किया जाता है कि हॉस्टल/छात्रावास हेतु दी गई जमीन के निरस्त्रीकरण के आदेश को लेकर समाज में चिंता व्यक्त की जा रही है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार-विमर्श करने तथा आगामी रणनीति निर्धारित करने के लिए सर्व समाज की एक आपात बैठक आयोजित की गई है। साथियों से अनुरोध है कि वे समय पर पधारकर इस बैठक में सक्रिय भाग लें तथा अपने सुझाव व विचार साझा करें। इस निर्णायक मोड़ पर समाज की एकजुटता ही हमारी ताकत बनेगी।

## इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में प्रिंस एकेडमी को 75 मेडल्स

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर-बीकानेर बाइपास सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी व पीसीपी प्री-फाउंडेशन के विद्यार्थियों ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 75 पदक जीते हैं। विद्यार्थियों द्वारा हासिल पदकों में 25 गोल्ड, 26 सिल्वर एवं 24 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। मैथमेटिक्स ओलंपियाड का उद्देश्य स्टूडेंट्स में मैथमेटिकल स्किल्स को इंप्रूव करना है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रिंस एजुहब चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, प्रबंध निदेशक एमआर अग्रवाल, प्रिंसिपल पूनम चौहान, कोर्डिनेटर्स व फैकल्टी मेंबर्स ने पदक विजेता विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाइयां दी।

## शेखीसर के ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** फतेहपुर में सोमवार को नवसृजित ग्राम पंचायत शेखीसर के लोग एसडीएम कार्यालय में दिया ज्ञापन। ग्रामीणों का कहना है कि एक ग्राम पंचायत मुख्यालय की जनसंख्या से लेकर सभी शर्ते शेखीसर गांव पूरी करता है और इसको मध्यनजर रखते हुए ही शेखीसर को पंचायत मुख्यालय बनाया गया है। और सभी शेखीसर ग्रामवासियों की यह मांग वर्षों से रही है अब इसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। ज्ञापन के समय भंवर सिंह, भीम सिंह, रावत सिंह, महावीर सिंह, मांगी लाल मेव, ताराचंद महर्षि, दुर्गा प्रसाद महर्षि, गोवर्धन सिंह, चौथ मल प्रजापत, नारू सिंह, प्रभु सिंह, प्रहलाद सिंह, जीवराज सिंह, कृष्ण महर्षि, दीनपाल सिंह, रिपुंजय सिंह, राजू सिंह, शिशपाल सिंह, गोविंद सिंह, संजय सिंह, गजेंद्र सिंह, सुल्तान सिंह, भंवर लाल मेव, चांदू जांगिड़, राकेश जांगिड़, पीराराम नायक, सतपाल नायक,पंकज नायक, पीरुराम प्रजापत, सुनील मेव, सार्दुल सिंह, प्रवीण सिंह, शंकर सिंह, कृष्ण सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे ।

## महफुज एहमद मिस्टर शेखावाटी, थालोड़ बेस्ट मसल्स मैन चुने गए

मुहम्मद सादिक



**सीकर ( नवयत्न )।** जिले के लक्ष्मणगढ़ में बॉडी पावर फिटनेस ग्रुप द्वारा 4 जनवरी रविवार को लक्ष्मणगढ़ के ऋषिकुल स्कूल में लक्ष्मणगढ़ विधायक एवं पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में हुआ। ग्रुप द्वारा अपने वार्षिक उत्सव सेलिब्रेशन के साथ मि शेखावाटी बॉडीबिल्डिंग, मि आर्म रेसलिंग व मेन्स स्पोर्ट्स फिजिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मणगढ़ विधायक गोविन्द सिंह डोटासरा ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि शरीर स्वस्थ होना चाहिए और अच्छा स्वास्थ्य ही हमारी पूँजी होती है। ग्रुप के चेयरमैन बलबीर चौधरी के अनुसार मिस्टर बाहुबली पंजाब कुश्ती प्रतियोगिता विजेता लिस्ट प्रथम ग्रुप से 60 किलोग्राम तक भार वर्ग में महेश कुमार, 60 से 70 किलो भार वर्ग में प्रथम स्थान राज द्वितीय स्थान समीर खान एवं 70 से अधिक भार वर्ग में प्रथम स्थान अनमोल सिंह द्वितीय स्थान शाहरुख शेख रहे वहीं दूसरी प्रतियोगिता मेंस स्पोर्ट्स फिजिक्स में 5 फुट 7 इंच से कम हाइट ग्रुप में मोहम्मद मुस्तफा प्रथम इमरान खान द्वितीय बिलाल खान तृतीय स्थान पर रहे तो इससे उपर हाईट ग्रुप में 5 फुट 7 इंच से अधिक में मैंनफिजिक्स विजेता प्रथम स्थान डॉक्टर अभिषेक रुहेला, विकास शर्मा द्वितीय एवं तृतीय स्थान शाहिद अब्बासी रहे। बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में महफुज एहमद को मिस्टर शेखावाटी चुना गया तो कामलेश थालोड़ को बेस्ट मसल्समैन एवं रामकिशन को बेस्ट पोजर चुना गया। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को बॉडी पावर फिटनेस ग्रुप की ओर से नगद पुरस्कार के साथ-साथ मेडल, ट्रॉफी, सर्टिफिकेट व गिफ्ट हैम्पर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गोविंद सिंह डोटासरा के साथ मुस्तफा कुरैशी अध्यक्ष नगर पालिका, निर्णायक में मंडल अशोक शर्मा, नेशनल जज समीर खान, नेशनल जज रूप सिंह, स्टेट जज बलवीर चौधरी, नेशनल जज अल्ताफ खान, सीकर से मनोज कुमार मौर्य, ललित सोनी आदि मौजूद रहे।

अंत में संदीप चौधरी एवं सांवरमल धायल ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन डॉण् नीरज मील ने किया।

## दिव्य ज्योति दृष्टिहीन विद्यालय में ऊनी वस्त्र वितरित

**सीकर ( नवयत्न )।** पुलिस लाइन के पीछे बलराम नगर स्थित दिव्य ज्योति दृष्टिहीन विद्यालय में वासुदेव जन कल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। समिति के संयोजक पंडित महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि शिशिर ऋतु को देखते हुए सभी दिव्यांग बच्चों की आवश्यकता के अनुसार गर्म कपड़े उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कथा वाचक धर्मेंद्र शास्त्री ने समाज के संवेदनशील पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा, मनुष्य का मानव सेवा ही परम धर्म है। हम वस्त्र पहनकर यह सोचते हैं कि सबने पहन रखे हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। जो चल नहीं सकता, देख नहीं सकता, उनको वस्त्र की जरूरत है। हम सब सक्षम लोग उनकी दृष्टि और चाल बन सकते हैं। पूर्व एडीएम ईश्वर सिंह राठौड़ ने भी अपने उद्बोधन में जोर देकर कहा कि वास्तविक जरूरतमंद दिव्यांग और दृष्टिहीन बच्चों पर समाज का ध्यान होना चाहिए। आयोजक समिति ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण और दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया।

## आयाम संस्थान में आदर्श शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित



निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** आयाम संस्थान द्वारा आयोजित आदर्श शिक्षक सम्मान समारोह रविवार को गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन और समर्पित शिक्षकों के सम्मान के उद्देश्य से आयोजित इस समारोह में शिक्षा, प्रशासन एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रीति चन्द्रा, आईपीएस आईजी राजस्थान पुलिस जयपुर तथा महेश कुलहरी, आरआईएस सीजीएसटी कमिश्नर, चंडीगढ़ ने समारोह में उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे सशक्त कड़ी होते हैं। उनके हाथों में ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित है। इस अवसर पर प्रो. भरत मीणा, कर्नल बलदेव सिंह, डॉ. हरिसिंह गोदारा, चेयरमैन सीताराम मांडिया, निदेशक सुरेश मांडिया एवं सह-निदेशक रवि मांडिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। समारोह में विभिन्न विद्यालयों से चयनित समर्पित, नवाचारी एवं प्रेरणादायी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष 2025 में राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को भी मंच पर विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए एक करियर गाइडेंस कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें बदलते करियर विकल्पों, नई परीक्षाओं एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय अवसरों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। सन्दीप सैन एवं विकास धेरड़ के प्रभावशाली मंच संचालन से समारोह व्यवस्थित रूप से आयोजित हुआ।

इसमें बड़ी संख्या में शिक्षकगण, अभिभावक, विद्यार्थी एवं शिक्षा प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक प्रयासों के संकल्प के साथ हुआ।

## दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम जोरावरपुरा में सती माता भूरी बाईसा के समाधि स्थल पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन सम्पन्न। 3 जनवरी को जोरावरपुरा से समाधि स्थल कांकड़ वाले मन्दिर तक जुलूस व शोभायात्रा निकाली गई शाम को विशाल जागरण व सत्संग का आयोजन हुआ जिसमें वीनू सोलंकी जालोरएंड पार्टी के द्वारा शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गयी। विशेष अतिथि के दिलीप सिंह भारद्वाज पल्लू, विजय सिंह, सुरमल सिंह, सानिया तोलियासर, अनू चौहान, मांगीलाल जयपुर, अहीर अतिथि रहे। अतिथियों का सम्मान बजरंग सिंह पुजारी, श्रवण सिंह, राजेन्द्र सिंह, बंसीलाल, भाजपा परसनेऊ मण्डल अध्यक्ष छोटू सिंह राजपुरोहित तथा ग्रामवासियों के द्वारा स्वागत किया गया। महाप्रसादी भैरू सिंह सुपुत्र नारायण मणणा सरवड़ी भाजपा जिलाध्यक्ष बालोतरा के द्वारा की गई। इस अवसर पर स्काउट के रूप में रामदयाल राजपुरोहित ने भी सेवा दी।

## हत्या के आरोप में 10 वर्ष का कठोर कारावास

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सेशन न्यायाधीश (बाल न्यायालय) झुंझुनू दीपा गुर्जर द्वारा दिये एक निर्णय में विधि से संघर्षरत बालक एन उर्फ टी निवासी बीकानेर को हत्या के मामले में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 15 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। मामले के अनुसार 29 अप्रैल 2022 को परिवादी उमराव सिंह ने एसएमएस अस्पताल जयपुर में पुलिस उप निरीक्षक रामदेव पुलिस थाना उदयपुरवाटी के समक्ष रिपोर्ट दी कि हेमसिंह व नरेन्द्र सिंह के मध्य सम्पति की सीमा को लेकर विवाद चल रहा था तथा हेमसिंह एवं कान सिंह तथा दूले सिंह के मध्य जमीन को लेकर विवाद था। इस कारण नरेन्द्र सिंह तथा कान सिंह एवं दुले सिंह तथा उसके सभी परिवार के सदस्य नरेन्द्र सिंह का साथ देते थे तथा गत करीब 2-3 महिनों से उक्त व्यक्तियों ने हेमसिंह की हत्या करने का इरादा बना लिया व उसे जान से मारने की भी धमकी देते थे तथा उनका इरादा हेमसिंह की हत्या करने का था। 28 अप्रैल 2022 को योगेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, पदम सिंह आदि ने हेमसिंह की हत्या की योजना बना रखी थी तथा इस इरादे से अपने पास मिर्ची का पाउण्डर, सरिये, पेट्रोल की बोतल, माचिस आदि सब लेकर एक पेट्रोल पम्प के सामने बैठे थे, उसी समय हेम सिंह बस स्टैण्ड से अपने घर चालक लक्ष्मण सिंह के साथ अपनी गाड़ी में आ रहे थे तथा हेमसिंह गाड़ी से उतरकर अपने घर का दरवाजा खोलकर घर के अंदर गये इतनी देर में अचानक योगेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, पदम सिंह पिछे आये व हेम सिंह की आंखो में मिर्ची डाल दी और इन्ही में से किसी ने चालक की आंखों में भी मिर्ची डाल दी जिस पर दोनों जोर से चिल्लाये तो इन लोगों ने हेम सिंह पर सरियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया तथा इन्ही व्यक्तियों ने लक्ष्मण सिंह पर सरियों से वार किया। यह घटना होते ही हेमसिंह की पत्नी व पुत्री जोर-जोर से चिल्लायी तब अमर सिंह दौड़कर आये व हेमसिंह को पहले चिराणा सामुदायिक केन्द्र लेकर गये जहां से उनको सीकर रैफर कर दिया और सीकर से जयपुर के लिये रैफर कर दिया जहां रात्री को इलाज के दौरान हेमसिंह की मृत्यु हो गयी। पुलिस ने बाद जांच विधि से संघर्षरत बालक एन उर्फ टी को निरूद्ध कर उसके विरूद्ध हत्या आदि का चालान किशोर न्याय बोर्ड झुंझुनू में पेश कर दिया तथा किशोर न्याय बोर्ड से यह मामला बाद में सेशन न्यायालय को कमिट होकर प्राप्त हुआ। राज्य सरकार की तरफ से पैरवी कर रहे लोक अभियोजक रामावतार ढाका ने मामले में 30 गवाहों के बयान करवाये व 43 दस्तावेज प्रदर्शित करवाते हुये न्यायालय में तर्क दिया कि बालक एन उर्फ टी ने परिपक्व बुद्धि की अवस्था में सभी परिणामों को समझते हुये अन्य आरोपियों के साथ मिलकर जघन्य घटना को अंजाम देते हुये एक व्यक्ति की हत्या की है। अत: बालक एन उर्फ टी को आजीवन कारावास से दण्डित किया जाये। न्यायाधीश ने अपने निर्णय में लिखा कि घटना के समय बालक एन उर्फ टी की आयु 17 वर्ष 8 माह के लगभग थी तथा वह किये गये गंभीरतम आपराधिक कृत्य के परिणाम को समझ सकता था तथा उसके द्वारा अन्य के साथ मिलकर मृतक हेमसिंह के साथ मारपीट कर हत्या कारित की गयी है। न्यायाधीश ने बालक एन उर्फ टी को अन्य धाराओं में और सजा देते हुये सभी मूल सजाये साथ-साथ भुगतने का आदेश दिया। न्यायाधीश ने निर्णय में लिखा कि इस सम्बन्ध में अन्य अभियुक्तगण के विरूद्ध मामला अन्य न्यायालय में लम्बित है। अत: मामले में जप्तशुदा माल, वजह, सबूत बाबत अभी कोई आदेश दिया जाना उचित नहीं है।

## गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाया



निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** शेखपुरा मोहल्ला स्थित सिंधी कॉलोनी के श्री झूलेलाल साई मंदिर-गुरुद्वारे में सोमवार को गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व का आयोजन बड़े ही उत्साह और भक्तिभाव से मनाया गया। सिंधी समाज की महिला उपाध्यक्ष ज्योति तनवानी ने बताया कि सुबह 12:15 बजे से सुखमणि साहिब का पाठ, शब्द कीर्तन और अरदास का आयोजन किया गया। इसके बाद भोग लगाकर गुरु का लंगर सभी उपस्थित लोगों में वितरित किया गया, जिसमें समाज के बड़ी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया। इस धार्मिक आयोजन में सिंधी समाज के उपाध्यक्ष देवीदास केसवानी, सेवादार दौलत मगनानी, चंद्र थादानी, पिरु राजवानी, कविता थादानी, यसोदा पेसवानी, विधा, कोशी लखानी, निर्मला पेसवानी, सीता हरजानी, जया मगनानी, ज्योति, दिव्या राजवानी, सरिता पेसवानी, पूजा, धनवंति, रेणु, कविता, मोहनी, कोमल मोहनानी, परी गुलवानी, खुशी मगनानी, रिद्धि, नीलम, सुनीता सेजवानी, पूजा, टीकू, नरेश सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने गुरु गोबिंद सिंह जी के उपदेशों को याद किया और सामुदायिक सद्भाव, सेवा और एकता का संदेश दोहराया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं।

## सात दिवसीय सेवा शिविर का समापन

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय राजकीय जी.एच.एस. महाविद्यालय संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। समापन अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य विनिता चौधरी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. बी.एस. बैरवा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल मंत्र मैं नहीं, आप को आत्मसात करने पर बल दिया। प्रोफेसर प्रमोद कुमार, अर्चना, दिव्या जांगिड आदि ने विचार प्रकट किए। एनएसए कार्यक्रम अधिकारी हरिलाल जांगिड ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन दिव्या जांगिड ने किया।




## आम-सूचना

हम अवतार सिंह शेखावत पुत्र मोहर सिंह, संजय शेखावत पुत्र अवतार सिंह, ज्योति तंवर शेखावत पत्नी संजय शेखावत, जातिगण-राजपूत, निवासीगण पुलिस स्टेशन के पास, लोहारू रोड, पिलानी तहसील पिलानी जिला झुन्झुनू (राज.)। यह कि हमारा पौत्र/पुत्र विवेक सिंह शेखावत व उसकी पत्नी सोनिका कंवर आज-कल हमारे कहे अनुसार नहीं चल रहे है तथा हमारे से अलग रहते है, हमारी कोई सेवा सुश्रषा नहीं कर रहे है व ना ही हमारी किसी प्रकार से कोई भरण-पोषण की व्यवस्था कर रहे है हमारी वृद्ध अवस्था में किसी प्रकार की कोई सुद नहीं ले रहे है। इसलिए हमने मेरे पौत्र/पुत्र विवेक सिंह शेखावत व उसकी पत्नी सोनिका कंवर को हमारी समस्त चल व अचल सम्पति से 4 जनवरी 2026 से बेदखल कर दिया हैं तथा हमारे पौत्र/पुत्र विवेक सिंह शेखावत व उसकी पत्नी सोनिका कंवर से कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार या लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा हमारी किसी प्रकार की जिम्मेवारी नहीं होगी।

## नाम परिवर्तन

मेरी दसवीं की मार्कशीट में मेरा नाम दीपक दर्ज है। अब मैंने मेरा नाम दीपक से बदलकर दीपक पंवार रख लिया है भविष्य में मुझे दीपक पंवार के नाम से जाना व पहचाना जावें व मेरे पासपोर्ट में भी दर्ज किया जावें।

**दीपक पंवार पुत्र लखमीचन्द**
**निवासी-मेहराणा, तहसील-भादरा, जिला-हनुमानगढ़ ( राज. )**

## नाम परिवर्तन

मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम सुनिल दर्ज है। अब मैंने मेरा नाम सुनिल से बदलकर सुनिल पंवार रख लिया है भविष्य में मुझे सुनिल पंवार के नाम से जाना व पहचाना जावें व मेरे नए पासपोर्ट में भी दुरूस्त किया जावें।

**सुनिल पंवार पुत्र ओमप्रकाश**
**निवासी-मेहराणा, तहसील-भादरा, जिला-हनुमानगढ़ ( राज. )**

## नाम परिवर्तन

मेरी दसवीं की मार्कशीट में मेरा नाम KIRPA CHOUDHARI दर्ज है। अब मैंने मेरा नाम KIRPA CHOUDHARI से बदलकर KRIPA CHAUDHARY रख लिया है भविष्य में मुझे KRIPA CHAUDHARY के नाम से जाना व पहचाना जावें व मेरे पासपोर्ट में भी दर्ज किया जावें।

**कृपा चोधरी पत्नी रोहित भगत**
**निवासी-वार्ड नं 14, नजदीक पोदार गेट,**
**नवलगढ़, जिला-झुंझुनू ( राज. )**

# गणतंत्र दिवस समारोह की हो समयबद्ध तैयारियां, गरिमापूर्ण हो आयोजन : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को जिला परिषद सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह. 2026 26 जनवरी, 2026 की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में जिला मुख्यालय पर होने वाले जिला स्तरीय समारोह के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए समुचित दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सभी तैयारियां समयबद्ध ढ़ंग से पूरी की जाएं तथा गरिमापूर्ण आयोजन सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि समारोह से जुड़े सभी आयोजन प्रभावशालीए गरिमापूर्ण एवं समयबद्ध ढ़ंग से संपादित किए जाएं। सभी अधिकारी-कर्मचारी सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें और रूचि लेकर काम करें। अधिकारी समारोह को लेकर की जाने वाली तैयारियों की समुचित मॉनीटरिंग करें और सभी विभागों के समन्वय से गुणवत्तापूर्ण आयोजन सुनिश्चित हो। उन्होंने समारोह के दौरान आयोजित की जाने वाली झांकी के लिए विभागवार थीम निर्धारित करते हुए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी के साथ शिक्षा अधिकारियों को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या को आयोजित किए जाने वाले सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम तथा पुलिस, शिक्षा, होमगार्ड, एनसीसी के अधिकारियों को परेड के बेहतरीन आयोजन के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने समारोह के लिए बैठक व्यवस्था, ध्वजारोहण, पेयजल, बिजली एवं सफाई व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं, सुरक्षा व्यवस्था, आमंत्रण, आवागमन सहित समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने बैठक कार्यवाही का संचालन करते हुए समारोह के आयोजन को लेकर संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस को सवेरे 9:05 बजे पुलिस लाइन मैदान चूरू में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया जाएगा।

मार्चपास्ट एवं बैंड वादन, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन के बाद महामहिम राज्यपाल का सन्देश पठन किया जाएगा। इसके बाद शहीद वीरांगनाओं, स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान किया जाएगा तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र भेंट किए जाएंगे। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सीईओ श्वेता कोचर, एसपी सतपाल सिंह, चूरू एसडीएम सुनील कुमार, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, एसीईओ ढ़ाका, सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, सीडीईओ संतोष महर्षि, तहसीलदार अशोक गोरा, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील मेहरा, महिला अधिकारिता सहायक निदेशक राजेंद्र शेखावत, आईसीडीएस डीडी डॉ. नरेंद्र शेखावत, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, डीएसओ अंशु तिवाड़ी, डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. मूलचंद, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, स्काउट सीओ महिपाल तंवरए श्रम निरीक्षक खेमचंद, सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सात दिवसीय श्रीमद्भागवत्कथा का हुआ समापन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सार्वजनिक सेवा समिति नलिया बास द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा मे पंडित भवानी शंकर पारीक ने सातवें दिवस की कथा में कृष्ण सुदामा चरित्र चौबीस गुरुओं की कथा सुनाई। अंत मे व्यास पीठ से सभी कथा टीम के सदस्यों का समान किया गया। संचालन कर्ता संदीप जोशी का सोल ओढ़ा कर समान किया गया। समिति के रामदेव सांखला, डालमचंद तंवर, निर्मल तँवर, बाबूलाल यादव, अनिल पंवार, धर्मचंद स्वामी, अनिल स्वामी, ईश्वर चादोलिया, गोवर्धन टाक, रोहित टाक, भरत आदि ने भागवत जी की शोभा यात्रा में भाग लिया। इस दौरान कृष्ण भगवान के मित्र सुदामा की झांकी भी सजाई गई।

## गारंटी पीरीयड की सड़क गड्डों में तब्दील

निसं



**चिड़ासन ( नवयत्न )।** किठाना से मनोता जाटान वाया आर्यनगर को जाने वाली सड़क टूट कर गड्डों में तब्दील हो गई। इधर से भारी वाहन डम्पर ट्रॉला गुजरते है इनकी संख्या दिन में इतनी होती है की हर समय धूल के बादल छाए रहते है। टूटी सड़क के कारण वाहन कब अनियंत्रित हो जाए इनका कोई भरोसा नहीं रहता। आए दिन हो रहे हादसों व इनकी आवाजाही से उड़ती धूल व टूटी सड़क के विरोध में ग्रामीणों ने सोमवार को सड़क के बारे मे विरोध जताया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क को बने लगभग 3 वर्ष हुए है जबकि गारंटी पीरीयड में 2 वर्ष और बकाया है जबकि सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। ग्रामीणों ने चेताया समय रहते हुए सड़क निर्माण और गड्ढों की भराई नहीं की गई तो हम आंदोलन व विरोध प्रदर्शन करेंगे। मिट्टी धूल इतनी उड़ रही कि सड़क के आस पास रहने वाले लोगों के टीबी की शिकायत का अंदेशा हो गया है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मांग की है की सड़क का पुन: निर्माण करवाया जावे। मांग करने वाले मातुराम कुल्हारी, सूरता राम कुल्हारी, विजय सिंह, रामनिवास, रामोतर आदि मौके पर उपस्थित रहे।

## आवारा सूअरों का आतंक किसान परेशान, सौंपा ज्ञापन



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** सोमवार को लाछड़सर के अगुणी रोही किसानो ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अवगत करवाया की गत तीन वर्षों से बिना किसी मालिकाना हक के आवारा सुअर विचरण कर रहे हैं । जो हमारे खेतों में फसल को बहुत नुकसान पहुँचा रहे हैं इन सुअरों की वजह से किसान भाइयों को काफी परेशानी हो रही है लगातार इनकी संख्या बढ़ रही है जो किसानों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है भारी नुकसान कर रहे हैं । जल्द से जल्द सुअरों से निजात दिलावें । इस मौके पर केसराम, किसान सभा के तहसील अध्यक्ष भादर भाम्मु, भीम आर्मी के अध्यक्ष श्रवण बारूपाल, किसनाराम, मगाराम, मुखराम, परमेश्वर, गोपीराम, भीमाराम, नोरंग सारण, शंकरलाल सहु, कालूराम, ज्ञानाराम, कुलदीप राव, लालचंद, रामूराम, चेतराम, श्री कृष्ण, चुन्नीलाल, गोपाल नाई सहित दर्जनों हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा गया।

## भैरुजी मेले की तैयारियों को लेकर मेला कमेटी की बैठक आयोजित



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** किशोरपुरा ग्राम पंचायत में भैरुं घाटी पर स्थित खुतड़मल भैरुंजी महाराज का मकर संक्रान्ति के पर्व पर हर वर्ष सैकड़ो वर्षों से मेला लगता आ रहा है। जिसमें ऊंट दौड़, घोड़ी दौड़, कबड्डी, उंच्चीकुद, लम्बी कूद आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। राजेश खटाणा किशोरपुरा ने बताया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश मीणा किशोरपुरा ने की तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच शीशराम खटाणा रहे। विशिष्ट अतिथि सरपंच मोहनलाल सैनी, पूर्व सरपंच शंभू दयाल सैनी, व्याख्याता जेपी खटाणा, कैलाश पौंजी, बजरंग पहलवान, शीशराम रावत रहे । इस अवसर पर सायर मल खटाणा, सुवा नेता सुमेर लमोड़, शीशराम चौहान, रामनिवास सैनी, छोटूराम खटाणा, सुभाष धाबाई, लीलाराम खटाणा, दलीप खटाना, प्रदीप खटाणा, रुपा खटाणा, रोहीताश खटाणा, मुकेश धाबाई सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सजगता से बची युवक की जान

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य साथियो की सजगता से युवक की जान रविवार को बच गयी। स्वर्णकार ने बताया कि गत शाम को उन्हें राहगीर बस चालक प्रेमसुख द्वारा सूचना मिली कि गुलेरिया से सुजानगढ़ तिराहे के बीच रोड किनारे एक युवक बेसुध पड़ा है। इस पर स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भरत और सुजानगढ़ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचे तथा युवक को अस्पमताल पहुंचाया। युवक लाडनू का कमल किशोर था, जिसको भर्ती करवाने के बाद परिजनों को सूचना दी गई। सम्भवत: रोड किनारे किसी वाहन की टक्कर या इस जबरदस्त ठंड की वजह से रात भर पड़े रहने पर युवक की जान भी जा सकती थी।

## पिता की वर्दी बनी प्रेरणा : संजय और अमित का राजस्थान पुलिस में चयन



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के भैसावता खुर्द गांव के लिए यह गर्व और खुशी का क्षण रहा, जब राजस्थान पुलिस भर्ती प्रक्रिया के तहत गांव के दो युवाओं संजय छिलर और अमित छिलर का अंतिम रूप से चयन हुआ। दोनों भाइयों की इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही गांव सहित आसपास के क्षेत्र में हर्ष का माहौल बन गया और बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। संजय छिलर और अमित छिलर, महेंद्र कुमार के पुत्र हैं, जो वर्तमान में सुलताना थाने में कार्यरत हैं। एक ही परिवार से दो बेटों का राजस्थान पुलिस में चयन होना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सफलता न केवल परिवार बल्कि गांव के अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजय छिलर का चयन राजस्थान पुलिस दूरसंचार विभाग में हुआ है, जबकि अमित छिलर ने राजस्थान पुलिस कांस्टेबल भर्ती में सफलता प्राप्त की है। दोनों की सफलता की खबर सामने आते ही परिवार में उत्सव जैसा माहौल बन गया। गांव में लोगों ने एक.दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और दोनों युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रवक्ता बलबीर नेहरा एवं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के झुंझुनू जिला संयोजक दिनेश सहारण फौजी ने संजय और अमित को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता कड़ी मेहनत, अनुशासन और पारिवारिक संस्कारों का सकारात्मक परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेगी। भैसावता खुर्द सहित आसपास के क्षेत्रों में इस सफलता को युवाओं के लिए एक मजबूत उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।

# चाइनीज मांझे पर कार्रवाई करें : सुराणा

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को समुचित दिशा कृनिर्देश दिए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नगरनिकाय अधिकारी व विकास अधिकारी अपने क्षेत्र में चाइनीज मांझे पर कार्रवाई करें। जिले में चाइनीज मांझे के उपयोग एवं बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। चाइनीज मांझे से प्रतिवर्ष हजारों लोग घायल होते हैं। इसलिए जनसुरक्षा को देखते हुए अधिकारी फील्ड में रहकर चाइनीज मांझे के उपयोग एवं बिक्री पर कार्रवाई करें। व्यापारियों व उपयोगकर्ताओं से समझाइश करें तथा चाइनीज मांझे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने 14 जनवरी से 30 जनवरी तक चलाए जाने वाले पशु कल्याण पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों को लेकर समुचित निर्देश दिए।

### संपर्क पोर्टल प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर परिवादियों को करें संतुष्ट

इस दौरान जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों में विभाग स्तर पर लंबित प्रकरणों, डिस्पोजल टाइम की प्रकरणवार चर्चा करते हुए कहा की डिस्पोजल समय को कम करें तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से परिवादियों को संतुष्ट करें। इसी के साथ मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का भी समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। विभागीय अधिकारी व्यक्तिगत रूप से प्रकरणों को देखें तथा सुनिश्चित करें कि समयबद्ध निस्तारण से परिवादियों का संतुष्टि स्तर बेहतरीन हो। अधिकारी ई-फाइल व ईकृ डाक पेंडेंसी का एनालिसस करें तथा सुनिश्चित करें कि अनावश्यक पेंडेंसी न रहे तथा डिस्पोजल टाइम न्यूनतम हो।

### निर्वाचन गतिविधियों का हो समयबद्ध संपादन

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी सुराणा ने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली के प्रकाशन, दावे व आपत्तियों, अंतिम प्रकाशन को लेकर निर्धारित कार्यक्रम की चर्चा करते हुए समुचित दिशा-निर्देश दिए। इसी दौरान तथा एसआईआर-2026 अंतर्गत जारी नोटिस में सुनवाई, आपत्तियों के निस्तारण के संबंध में भी सभी ईआरओ व एईआरओ को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एसआईआर अंतर्गत जारी नोटिसों में संबंधित व्यक्ति के स्वयं उपस्थित नहीं होने की स्थिति में उनके अधिकृत प्रतिनिधि को भी उपस्थित होने की अनुमति प्रदान की गई है, इसलिए गाइडलाइन की पालना करते हुए निस्तारण करें। इसी के साथ प्राप्त फॉर्म 6, 7 व 8 का भी समयबद्ध डिस्पोजल करें। जिला कलक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों को संस्थागत प्रसव बढ़ाने तथा इम्यूनाइजेशन व टीकाकरण में गैप को कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकास अधिकारियों, आईसीडीएस अधिकारियों, शिक्षा अधिकारियों को मानसून के दौरान क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मत के कार्यों को लेकर भी समुचित निर्देश दिए। उन्होंने डीएमएफटी में स्वीकृत कार्यों में बकाया प्रशासनिक, वित्तीय एवं तकनीकी स्वीकृतियों को लेकर चर्चा की तथा अटल ज्ञान केन्द्र में भी वित्तीय स्वीकृतियों के लंबित प्रकरणों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी के साथ रिचार्ज शाफ्ट प्रस्ताव, पंच गौरव योजना अंतर्गत कार्यों, एनएफएसए आवेदनों, लाडो प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान सहित विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। एडीएम अर्पिता सोनी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकरणों की चर्चा कर विस्तृत निर्देश दिए। सीईओ श्वेता कोचर ने आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के बारे में कार्ययोजना की जानकारी दी। इस दौरान सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे तथा सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी वीसी के जरिए जुड़े रहे।

# सवारी जीप व स्विफ्ट कार भिड़ंत में दो श्रद्धालुओं सहित तीन की मौत

निसं



**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस-खाटूश्यामजी सड़क मार्ग पर कोहरे की वजह से सवारी जीप व स्विफ्ट कार आमने सामने टकरा गए। हादसा इतना भयंकर था कि वाहनों के परखच्चे उड़ गये। मौके पर ही दोनों ही वाहनों के ड्राइवरों ने दम तोड़ दिया। हादसा रविवार रात करीब डेढ़ बजे रींगस के चौमू पुरोहितान व लाम्पूवा के बीच में हुआ। हादसे में घायलों को जयपुर रैफर किया गया। जानकारी मिलते ही रींगस पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि सवारी गाड़ी खाटूश्यामजी से रींगस आ रही थी जबकि स्विफ्ट कार रींगस की तरफ से खाटूश्याजी जा रही थी। रात करीब दो बजे चौमू पुरोहितान के पास दोनों वाहन आपस में टकरा गए। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर चित्कार गुंज उठी। धमाके की आवाज सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे। तब तक दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये। पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलो को रींगस व खाटूश्यामजी के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया। हादसे में सवारी जीप चालक अजय देवन्दा निवासी रींगस व स्विफ्ट कार के चालक गौरव सैनी निवासी सुरतपुरा दौसा की मौत हो गई। तीन गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया गया। जिनमें अजय सैनी पुत्र रेवती लाल ने दम तोड़ दिया। भारत सैनी निवासी बडा का मडावरी, दौसा और रामकेश निवासी गोपालगढ़ करौली का जयपुर में इलाज चल रहा है।

# भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष गुप्ता का किया स्वागत

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का शहर के फतेहपुरिया गेस्ट हाउस में सोमवार की शाम सुजानगढ़ भाजपा की ओर से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनय मटोलिया ने की। इस दौरान विश्वकर्मा कला बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य, निवर्तमान प्रधान मनभरी देवी, जिलामंत्री पवन माहेश्वरी, नगरपरिषद नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, जितेंद्र शर्मा, महावीर सिंह पार्वतीसर, कानूता मंडल अध्यक्ष डूंगरराम मेघवाल, कानूता मंडल अध्यक्ष श्रीनिवास लिंबा, सांडवा मंडल अध्यक्ष सहीनाथ सिद्ध मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने गुप्ता का साफा, दुपट्टा पहनकर व भाजयुमो की ओर से भारत माता की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए रामगोपाल सुथार ने कहा कि गुप्ता का एक साधारण कार्यकर्ता से प्रदेश भाजपा में उच्च पद पर पहुंचना भाजपा में संगठन की शक्ति को दिखाता है। स्वागत कार्यक्रम के लिए कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को समय की महत्ता के बारे में बताया और हर कार्यक्रम को समय पर शुरू करना व समय पर पहुंचने की शपथ दिलवाई।



उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में डिजिटाइजेशन को बढ़ावा दिया गया। जिससे भ्रष्टाचार कम हुआ और आम आदमी को सीधे फायदा हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत और निकाय चुनावों में एकजुटता से लड़कर जीत दिलाने का आह्वान किया। इस दौरान पार्षद रेवंतमल पंवार, बुद्धिप्रकाश सोनी, वैद्य भंवरलाल शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, कमल दाधीच, सुभाष पारीक, गणेश मंडावरिया, प्रेमप्रकाश स्वामी, मदन भारी, नरेन्द्र भाटी, राजकुमार बेड़ा, रवि आर्य, श्यामनारायण राठी, तनसुख प्रजापत, राजेश सुंदरिया, नवरंग सीलू, प्रकाश भार्गव, रिछपाल बिजारणियां, हिमांशु भाटी, अनिल माटोलिया, एडवोकेट प्रियांशु लड़ाए संतोष बेड़िया, सांवरमल अग्रवाल, परमानन्द मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन शर्मिला सोनी ने किया।

# कांग्रेस का नववर्ष स्नेह मिलन एवं संकल्प दिवस समारोह आयोजित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** कांग्रेस की ओर से सोमवार को कस्बे के जाट धर्मशाला में नववर्ष स्नेह मिलन एवं संकल्प दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विधायक नरेन्द्र बुडानिया ने कांग्रेस कार्यकर्ता व लोगों को नव वर्ष की शुभकामनायें देते हुए कहा कि मैं ढ़ाणी से साधारण परिवार से निकला हुआ किसान का बेटा हूँ आप सभी का दुख दर्द समझता हूँ यह बुडानिया आपका सेवक है और आपका ही रहेगा। मैं आने वाली पीढ़ी के लिए क्षेत्र में शिक्षा, सिंचाई व अन्य विकास कार्यों को प्रमुखता से करवाना चाहता हूँ ताकि लोगों को इसका फायदा मिल सके। सरकार के नुमाइंदे ही सरकार के प्रोटोकॉल व कानून की धज्जियाँ उड़ाकर उनकी ओर से स्वीकृत करवाये कामों के लोकार्पण व शिलान्यास कर झूठी वाही वाही लूट रहे है। भाजपा सरकार के नुमाइंदें नियम विरुद्ध जिला परिषद, ग्राम पंचायतों, वार्डो को तोड़कर राजनितिक फायदा लेना चाहते है लेकिन जनता सब जानती है इनसे इनको कोई फायदा नहीं मिलने वाला है।

बुड़ानिया ने सभी से कहा कि कोई कार्यकर्ता डरें नहीं मैं आपके साथ हूँ। समारोह को सम्बोधित करते हुए सांसद राहुल कस्वा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का इंजन फैल हो रहा है भाजपा राज में लोग बिजली, पानी व अन्य मुलभुत सुविधाओं को लेकर जूझ रहे है। आमजन व किसान विरोधी इस सरकार में कोई काम नहीं हो रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आला कमान की ओर से केंद्र व राज्य सरकार के काले कारनामों के खिलाफ किये जाने वाले विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने का संकल्प लेकर जाएँ व कांग्रेस को मजबूत बनाएं। समारोह को सादुलपुर की पूर्व विधायक कृष्णा पूनियाँ, निर्वतमान प्रधान संजय कस्वां, पीसीसी सदस्य अमित बुडानिया, अभिषेक बुडानिया, उमाशंकर शर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रियंका बानो, मोहरसिंह ज्याणी, हरिसिंह बेनीवाल, राजकुमार बेनिवाल, कृष्ण सहारण ने भी सम्बोधित किया।

संचालन जीताराम जांदू व एलडी जोशी ने किया। समारोह में मदन पांडिया, वेद प्रकाश सहारण, विमला कालवा, मानसिंह सैनी, प्रताप मेघवाल, जुगलाल बरवड़, भागीरथ भामी, सरपंच शीशराम पूनियाँ, सहदेव भाटी, पन्नालाल कस्वां, हर्ष लाम्बा, एडवोकेट राकेश सांगवान, एडवोकेट पवन योगी, कुंदन सैनी, सुनील सैनी, अदरिश सैय्यद, दिनेश शर्मा, सुरजीत वर्मा, आशिफ इकबाल, राजेश कस्वांए रामस्वरूप झाझड़िया, हर्ष शर्मा, फौजी अर्जुन सैनी, विकास सैनी आदि बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व लोग मौजूद थे।

## टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी गठित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** टैक्स बार एसोसिएशन की वार्षिक बैठक पूर्व अध्यक्ष मोहनलाल महर्षि की अध्यक्षता में हुई। बैठक नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इस अवसर पर सीए अरुण शर्मा को एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया व मोहनलाल महर्षि एडवोकेट को संरक्षक, जयकांत बिंवाल एडवोकेट को वरिष्ठ संरक्षक, जगदीश प्रसाद स्वामी एडवोकेट एवं पारस सराफ सीए को उपाध्यक्ष, अश्विनी कुमार सेनी एडवोकेट को सचिव, रवि जांगिड़ सीए, को कोषाध्यक्ष, ओमप्रकाश जाट एडवोकेट को उप सचिव तथा सहारुख खान एडवोकेट को उप कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सीए अरुण शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आश्वासन दिया।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190